दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 16 | अंक 311 | सीकर, बुधवार 07 जनवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने आधुनिक युद्ध पर यूएई के सैन्य अधिकारियों से की बात



नई दिल्ली

भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी संयुक्त अरब अमीरात के आधिकारिक दौरे पर हैं। इस यात्रा के दौरान उन्होंने मंगलवार को यूएई नेशनल डिफेंस कॉलेज के अधिकारियों को संबोधित किया। संयुक्त अरब अमीरात के सैन्य अधिकारियों को संबोधित करते हुए जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने वैश्विक सुरक्षा परिवेश में तेजी से हो रहे बदलावों, आधुनिक युद्ध की बदलती प्रकृति और युद्धक्षेत्र में बढ़ती प्रौद्योगिकी की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। दरअसल, आधुनिक समय में तकनीक-आधारित क्षमताएं, संयुक्त परिचालन, साइबर और अंतरिक्ष क्षेत्र की चुनौतियां विश्व सुरक्षा ढांचे को नए रूप में ढाल रही हैं।

जनरल द्विवेदी ने वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की दूरदृष्टि एवं नेतृत्व क्षमता की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि आज के समय में देशों के बीच सहयोगात्मक सैन्य संपर्क, साझा अभ्यास, प्रशिक्षण और संचालनात्मक तालमेल अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने भारत, यूएई तथा क्षेत्रीय साझेदार देशों के बीच द्विपक्षीय और बहुपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। यह सहयोग इसलिए जरूरी है ताकि पारस्परिक लाभ सुनिश्चित हों और क्षेत्रीय व वैश्विक शांति एवं सुरक्षा को बढ़ावा दिया जा सके।

इससे पहले यूएई यात्रा में भारतीय थलसेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने यूएई लैंड फोर्सेस के कमांडर मेजर जनरल स्टाफ यूसुफ मायूफ सईद अल हल्लामी से मुलाकात की। दोनों सैन्य नेताओं के बीच वार्ता में सकारात्मक रक्षा सहयोग, प्रशिक्षण में साझेदारी और सामंजस्य, तथा भारत व यूएई के बीच द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और घनिष्ठता देने पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने सैन्य स्तर पर पारस्परिक समझ और सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है।

## विदेश मंत्री एस जयशंकर ने लक्जमबर्ग के पीएम से की मुलाकात, वित्तीय सेवा और तकनीक पर हुई चर्चा



नई दिल्ली।

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को लक्जमबर्ग के प्रधानमंत्री ल्यूक फ्रीडेन से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान जयशंकर ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से उन्हें शुभकामनाएं दीं और दोनों देशों के बीच वित्तीय सेवा, निवेश, तकनीक और नवाचार में बढ़ते सहयोग पर चर्चा की।

विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, आज सुबह लक्जमबर्ग के प्रधानमंत्री ल्यूक फ्रीडेन से मिलकर खुशी हुई। पीएम नरेंद्र मोदी का दिल से अभिवादन किया। वित्तीय सेवा, निवेश, तकनीक और नवाचार में हमारे बढ़ते सहयोग पर चर्चा की। भारत-ईयू के मजबूत रिश्तों के लिए उनके समर्थन के लिए उन्हें धन्यवाद।

बता दें कि लक्समबर्ग के अपने दौरे के दौरान, एस जयशंकर वहां के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री जेवियर बेटेल और सीनियर लीडरशिप के साथ बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी एक बयान के मुताबिक, वह लक्जमबर्ग में भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी बातचीत करेंगे। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर 4 से लेकर 9 जनवरी 2026 तक फ्रांस और लक्जमबर्ग के दौरे पर हैं।

### कोबरी-सार




### जयपुर में राजस्थान रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस 2026

# विकसित राजस्थान के लक्ष्यों को हासिल करने में मददगार एआई, एआई लिख रहा 21 वीं सदी में मानवता के लिए नया कोड : मुख्यमंत्री

## द्विपक्षीय एमओयू का होलोग्राफिक तकनीक के माध्यम से हुआ जीवंत प्रसारण

जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वर्तमान सदी में मानवता के लिए एक नया कोड-एक नई भाषा लिख रहा है। उन्होंने एआई को प्रदेश की विकास यात्रा का महत्वपूर्ण घटक बताते हुए कहा कि इसके विवेकपूर्ण उपयोग से सरकार ई-गवर्नेंस और डिजिटल समावेशन को और अधिक व्यापक एवं जन केन्द्रित बना रही है।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को जयपुर के जेईसीसी में आयोजित राजस्थान रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस 2026 के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एआई स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि सहित अनेक क्षेत्रों में परिवर्तन लाकर लोगों के जीवन को बेहतर बना रहा है और विकसित भारत एवं विकसित राजस्थान के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने उद्यमियों, निवेशकों और युवाओं को एआई के उभरते क्षेत्र में सहभागी बनने के लिए राजस्थान में आमंत्रित भी किया। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश एआई के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री का मानना है कि एआई केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि 21वीं सदी में राष्ट्रीय शक्ति और समृद्धि का आधार है। एआई देश की नीति, अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और सामाजिक संरचना को बेहतर स्वरूप दे रहा है।

### एआई-एमएल पॉलिसी से नवाचार को बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में तकनीक और स्टार्टअप के सशक्त इकोसिस्टम के निर्माण के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। राज्य सरकार द्वारा लाई गई एआई-एमएल पॉलिसी से एआई सिस्टम अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और निजता-संरक्षण के प्रति जवाबदेह बनेंगे। इस नीति से सार्वजनिक सेवा वितरण अधिक त्वरित, नागरिक-केंद्रित और पारदर्शी होगा तथा प्रशासनिक दक्षता बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि एआई से जुड़े साइबर अपराधों की रिपोर्टिंग और समाधान की प्रक्रिया सरल की जाएगी, प्रदेश में एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित होगा तथा स्कूलों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक और कॉलेजों में एआई शिक्षा को प्रोत्साहन दिया जाएगा। उद्योग, स्टार्टअप और रिसर्च संस्थानों को भी विशेष प्रोत्साहन प्रदान किए जाएंगे।




### डिजिफेस्ट स्टार्टअप्स के लिए ग्लोबल गेटवे

मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिफेस्ट ने स्टार्टअप्स को निवेशकों से, विद्यार्थियों को अवसरों से और उद्योग को सरकार से जोड़ डिजिटल राजस्थान का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन स्टार्टअप्स के लिए ग्लोबल गेटवे साबित हो रहे हैं, जहां फंडिंग के साथ-साथ विश्वस्तरीय मेंटर्स का मार्गदर्शन भी मिल रहा है। एआई-एमएल, फिनटेक, एग्रीटेक, एआर-वीआर और प्रॉपटेक जैसे क्षेत्रों में विचार-विमर्श से नए अवसरों के द्वार खुल रहे हैं।

### राजस्थान में हर माह 81 हजार करोड़ रुपये के यूपीआई लेनदेन

शर्मा ने कहा कि राजस्थान में 6 करोड़ 50 लाख से अधिक मोबाइल उपयोगकर्ता हैं और हर माह औसतन 81 हजार करोड़ रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन हो रहे हैं। ऑनलाइन सेवाओं के बढ़ते उपयोग को देखते हुए साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए ऑपरेशन एंटी वायरस के माध्यम से साइबर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि एवीजीसी-एक्सआर पॉलिसी, डेटा सेंटर नीति 2025, अटल इनोवेशन स्टूडियो, स्टार्टअप लॉन्चपैड, लीप प्रोग्राम और सेंटर फॉर एडवांस्ड स्किलिंग जैसी पहलों से प्रदेश में रोजगार और नवाचार को बढ़ावा मिल रहा है। एआई के विस्तार के साथ-साथ भी रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

### एआई जीवन का अभिन्न अंग बनेगा, जन-जन तक पहुंचेगी कंप्यूट सुविधा- केन्द्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव

केन्द्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने वाले समय में मानव जीवन का अभिन्न अंग बनेगा और हर व्यक्ति, हर घर तथा हर उद्यम तक इसकी पहुंच होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में एआई को समावेशी, सुलभ और जनोपयोगी बनाने की दिशा में ठोस और दूरदर्शी कदम उठाए जा रहे हैं।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि कम समय में भारत ने एआई मशीनों और तकनीक के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की है और आज देश की एआई क्षमताएं विश्व स्तर पर चर्चित है। एआई कंप्यूट सुविधा को 'जन-जन' तक पहुंचाने के उद्देश्य से कॉमन कंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म विकसित किया गया है.

# सरकार ने हाईकोर्ट में कहा- एसआई भर्ती रद्द करना गलत

## एकलपीठ ने नियम दरकिनार किए, जांच एजेंसी सही और गलत की छंटनी करने में सक्षम

जयपुर।

सब इंस्पेक्टर भर्ती-2021 मामले में हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच में सुनवाई में सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद ने कहा- सिंगल बेंच में दायर याचिका मेंटेनेबल ही नहीं थी। सिंगल बेंच ने इसे दरकिनार कर मेरिट पर सुनवाई करते हुए भर्ती को रद्द करने का फैसला सुनाया।

याचिकाकर्ताओं ने आरपीएससी के पूर्व सदस्य बाबूलाल कटारा और अन्य आरोपियों के खिलाफ दायर ईडी की चार्जशीट को रिकॉर्ड पर लेने के लिए हाईकोर्ट में प्रार्थना पत्र दायर किया है। एसआई भर्ती रद्द करने और आरपीएससी के सदस्यों के खिलाफ की गई एकलपीठ की टिप्पणियों के खिलाफ दायर अपीलों पर हाईकोर्ट की खंडपीठ सुनवाई कर रही है।

ऐसे में एकलपीठ के याचिकाकर्ताओं ने खंडपीठ के समक्ष प्रार्थना पत्र दायर करके कहा कि ग्रेड सेकेंड टीचर भर्ती-2022 में पेश ईडी की चार्जशीट में पेपर लीक और आरपीएससी सदस्यों की कार्यशैली को लेकर कई खुलासे हुए हैं। इसलिए खंडपीठ ईडी को निर्देश दे कि वे दायर चार्जशीट हाईकोर्ट के समक्ष रखें।

**सरकार ने कहा- जांच एजेंसी सही और गलत की छंटनी करने में सक्षम**-हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच में सरकार, चयनित अभ्यर्थियों और आरपीएससी के पूर्व सदस्यों की ओर से दायर अपीलों पर मंगलवार को सुनवाई अधूरी रही। सरकार की ओर से बहस की शुरुआत करते हुए महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि जांच एजेंसी पेपर लीक में सही और गलत की छंटनी करने में सक्षम है। लेकिन इसके बाद भी एकलपीठ ने पूरी भर्ती को रद्द कर दिया। इस मामले में बुधवार को फिर सरकार की बहस के साथ सुनवाई शुरू होगी।

# गहलोत बोले- जिस देश को हमने बनाया, वही आज खिलाफ

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर बर्बरता को बताया केंद्र की कूटनीतिक विफलता

जयपुर।

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ हो रही बर्बरता की घटनाओं पर चिंता जताते हुए पीएम मोदी से हस्तक्षेप करने की मांग की है। गहलोत ने एक्स पर लिखा- बांग्लादेश से आ रही हिंदू अल्पसंख्यकों के साथ बर्बरता की खबरें विचलित करने वाली हैं। महज 19 दिनों में 5 हिंदुओं की हत्या और वहां महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार मानवता पर कलंक है।

गहलोत ने लिखा- 1971 के उस दौर की यादें आज भी ताजा हैं, जब इंदिरा गांधी के नेतृत्व में भारत ने न केवल कूटनीतिक कड़ापन दिखाया था, बल्कि अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से इतिहास और भूगोल दोनों बदल दिए थे। उन्होंने अमेरिका जैसी महाशक्ति तक की परवाह नहीं की, जिसने भारत के खिलाफ अपना सातवां बेड़ा रवाना कर दिया था।

### जिसका निर्माण भारत ने किया वो ही देश आज भारत के खिलाफ

गहलोत ने लिखा- यह भी चिंताजनक है कि ऐसा देश जिसका निर्माण ही भारत ने किया था वह भारत के खिलाफ हो गया है। यह भारत सरकार की कूटनीतिक विफलता है। केंद्र सरकार को गहरी चिंता व्यक्त करने जैसे रस्मी बयानों से आगे बढ़कर ठोस कदम उठाने चाहिए। पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों के जीवन और मान-सम्मान की रक्षा करना हमारी नैतिक और कूटनीतिक जिम्मेदारी है।



### राइजिंग राजस्थान-प्रवासी राजस्थानी दिवस का नाटक हो चुका फेल

गहलोत ने डिजिफेस्ट समिट को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा। गहलोत ने लिखा- राजस्थान में आज प्रशासनिक और सरकारी अराजकता का आलम यह है कि न कहने वाला है न देखने वाला है। प्रदेश की जनता के हक के पैसे की ऐसी बर्बादी पहले कभी नहीं देखी गई। इनको पूछो, आखिर जनता को क्या मिला राइजिंग राजस्थान और प्रवासी राजस्थानी दिवस का नाटक फेल हो चुका है। इनमें निवेशक नदारद दिखे। खेलो इंडिया गेम्स में खिलाड़ियों की दुर्दशा हुई और न प्रतिभागी आए न ही दर्शक। अब डिजिफेस्ट में अव्यवस्थाओं का बोलबाला रहा।

### भाजपा सरकार में कोई जवाबदेही नहीं बची

उन्होंने आगे भाजपा सरकार पर सवाल उठाते हुए लिखा- भाजपा सरकार सिर्फ प्रचार और खुद की वाहवाही करने के लिए विज्ञापनों पर करोड़ों रुपए बहा रही है।

करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद जनता पूछ रही है कि आखिर क्या परिणाम निकला इस सरकार में कोई जवाबदेही नहीं बची है। आखिर कब तक प्रदेश की जनता के पैसे को ऐसे उड़ाया जाता रहेगा और इसकी जवाबदेही कब तय होगी

# खबर का असर... देरी से ही सही झुंझुनू में बच्चों को अब मिली राहत, 10 तक स्कूलों की छुट्टी

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान में कड़ाके की सर्दी, शीतलहर और मौसम विभाग द्वारा जारी येलो अलर्ट के बीच जहां राज्य के 21 जिलों में पहले ही कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित कर दिया गया थाए वहीं झुंझुनू जिला प्रशासन ने यह निर्णय देरी से लिया। दैनिक नवयत्न समाचार पत्र ने बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ी खबर ठिठुरते हुए स्कूल जाएंगे मासूम या मिलेगी राहत शीर्षक के माध्यम से समाचार 5 जनवरी सोमवार को प्राथमिकता से प्रकाशित किया था। जिस पर जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला आपदा एवं प्रबंधन डॉक्टर अरुण गर्ग द्वारा 6 जनवरी मंगलवार को एक दिन की देरी से ही सही लेकिन बच्चों के हित में फैसला लिया गया। जिले में शीतलहर एवं अत्यधिक ठंड को देखते हुए जिला कलेक्टर डॉक्टर गर्ग ने आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 7 जनवरी से 10 जनवरी 2026 तक कक्षा 1 से 8 के विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया है। यह अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए लागू रहेगा। उल्लेखनीय है कि झुंझुनू से पहले बीकानेर, श्रीगंगानगर, चूरू, सीकर, टोंकए बूंदी, जयपुर, कोटा, अजमेर, नागौर, हनुमानगढ़, बारां, झालावाड़, प्रतापगढ़, भरतपुर, डूंगरपुर, दौसा, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, डीडवाना-कुचामन और राजसमंद जिलों में बच्चों को ठंड से राहत देने के उद्देश्य से अवकाश घोषित किया जा चुका था। इसके अलावा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने भी शीतलहर और येलो अलर्ट के मद्देनजर बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर पहले ही एडवाइजरी जारी कर दी थी, जिसमें ठंड से बचाव और सतर्कता बरतने की सलाह दी गई थी। आदेश के अनुसार कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाएं पूर्ववत संचालित रहेंगी, जबकि विद्यालयों का समस्त स्टाफ विभागीय नियमानुसार विद्यालय में उपस्थित रहकर कार्य करेगा। जिला प्रशासन ने सभी संस्था प्रधानों को आदेश की अक्षरशः पालना के निर्देश दिए हैं। आदेश की अवहेलना की स्थिति में संबंधित संस्था प्रधान के विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।


झुंझुनू : कल से ठिठुरते हुए स्कूल जाएंगे मासूम या मिलेगी राहत...?
अधिकारियों के पास संसाधन, आमजन अलाव के सहारे स्कूली बच्चे बेबस

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल से दो नाबालिग बच्चों को मिला संरक्षण

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले की ग्राम पंचायत चूड़ी चतरपुरा, वार्ड संख्या-3 थाना मुकुन्दगढ़ में दो नाबालिग भाई-बहन के साथ हो रही उपेक्षा एवं अमानवीय परिस्थितियों के मामले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झुंझुनू ने संवेदनशीलता दिखाते हुए त्वरित व प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की है। समाजसेवी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को जिला एवं सत्र न्यायालय, झुंझुनू द्वारा अग्रेषित किए जाने के पश्चात सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने मामले की गंभीरता को तुरंत संज्ञान में लिया। बिना किसी विलंब के प्रकरण को नियमानुसार चाइल्ड हेल्पलाइन/जिला बाल संरक्षण इकाई को अग्रेषित कर स्पष्ट निर्देश दिए गए कि नाबालिग बच्चों के हित में तत्काल कार्यवाही की जाए तथा अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। इस सक्रिय पहल के परिणामस्वरूप बाल कल्याण समिति झुंझुनू द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के अंतर्गत आवश्यक आदेश पारित किए गए। आदेशानुसार दोनों नाबालिग बच्चों को समिति के समक्ष प्रस्तुत कर उनकी स्थिति की जाँच की जाकर उन्हें सुरक्षित रूप से बालक गृह एवं सखी वन स्टॉप सेंटर में रखकर संरक्षण एवं लालन-पालन की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इस संबंध में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झुंझुनू ने बताया कि ये बच्चे हमारे समाज और देश का भविष्य हैं।

यदि किसी के साथ अन्याय या उपेक्षा होती है तो विधिक सेवा प्राधिकरण उसकी रक्षा के लिए पूरी मजबूती से खड़ा रहेगा। इस प्रकरण में भी बच्चों के सर्वोत्तम हित में त्वरित कदम उठाए गए हैं।

# भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के थर्ड सेक्टर स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन मंगलवार को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। चित्रकुट के कथा वाचक पुष्पेंद्र शुक्ला ने संगीतमय कथा वाचन कर भगवान की बाल लीलाओं के चरित्र का वर्णन किया। श्रोताओं से कहा कि लीला और क्रिया में अंतर होती है। अभिमान तथा सुखी रहने की इच्छा प्रक्रिया कहलाती है। इसे ना तो कर्तव्य का अभिमान है और ना ही सुखी रहने की इच्छा, बल्कि दूसरों को सुखी रखने की इच्छा को लीला कहते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने यही लीला कीए जिससे समस्त गोकुलवासी सुखी और संपन्न थे। उन्होंने कहा कि माखन चोरी करने का आशय मन की चोरी से है। कन्हैया ने भक्तों के मन की चोरी की। उन्होंने तमाम बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए उपस्थित श्रोताओं को वात्सल्य प्रेम में सराबोर कर दिया। उन्होंने कहा कि कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन कार्यक्रम की तैयारी करते हैं, परंतु भगवान कृष्ण उनको इंद्र की पूजा करने से मना कर देते हैं और गोवर्धन की पूजा करने के लिए कहते हैं। यह बात सुनकर भगवान इंद्र नाराज हो जाते हैं और गोकुल को बहाने के लिए भारी वर्षा करते हैं। इसे देखकर समस्त ब्रजवासी परेशान हो जाते हैं।

भारी वर्षा को देखकर भगवान कृष्ण कनिष्ठ अंगुली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर सभी लोगों को उसके नीचे छिपा लेते हैं। भगवान द्वारा गोवर्धन पर्वत को उठाकर लोगों को बचाने से इंद्र का घमंड चकनाचूर हो गया। मथुरा को कंस के आतंक से बचाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने कंस का वध किया। कथा वाचक पुष्पेंद्र शुक्ल ने गोवर्धन पूजा, माखन चोरी का वर्णन किया। कथा सुन कर महिलाएं जमकर नृत्य किया। इस मौके पर महेश सिंघानिया, चौधरी बलजीतसिंह, केएल खत्री, रामौतार बंसल, कमलेश शर्मा, लक्ष्मी, सुनीता, कमला, सुधा बंसल, कमलेश, रेखा अग्रवाल आदि ने श्रद्धांलूओं ने कथा का आनद उठाया।

# रक्तदान शिविर आयोजित



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी के ऐतिहासिक पोलो ग्राउंड में मंगलवार को रक्तदान शिविर और पोष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवाओं ने रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपना रक्तदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष गीता सैनी थी, जबकि अध्यक्षता पूर्व पालिकाध्यक्ष सीताराम ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने विधिवत रूप से फीता काट कर शिविर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष गीता सैनी ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे किसी के जीवन को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए, जिससे हम किसी के जीवन को बचा सकें। इस अवसर पर रक्तदान करने वाले रक्तदान दाताओं को अध्यक्ष गीता सैनी ने प्रस्तुति पत्र और तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है और इससे कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने सभी से रक्तदान करने का आग्रह किया और कहा कि इससे हम समाज के प्रति अपना योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम में झुंझुनू के बीडीके अस्पताल की दो टीमों द्वारा रक्त संग्रहण किया गया और कुल 405 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया। इस मौके पर केदार मल खिंची, पार्षद लीलाधर सैनी, वेणीशंकर, बबलू अवाना, प्रमोद स्वामी, सुधीर गुप्ता, प्राचार्य महिपाल कुमावत मनोज शर्मा, हरि सिंह ढिल्लन, रमेश ठेकेदार, मुकेश गुर्जर, अमित सैनी, पार्षद राहुल सैनी सहित अनेक लोग शामिल थे।

# चौहान द्वारा देहदान की घोषणा



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रकाश के युवा प्रधानाचार्य विक्रम सिंह चौहान ने अपनी स्वप्रेरणा से मरणोपरांत देहदान की घोषणा की है। चौहान ने इस संबंध में प्राचार्य पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मेडिकल कॉलेज चूरू को अपना लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर देहदान का संकल्प लिया है। मेडिकल कॉलेज की एनाटॉमी विभाग द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है । प्रधानाचार्य चौहान ने बताया कि उनकी इच्छा है कि मृत्यु उपरांत मेरे सभी अंग जरूरतमंद लोगों के जीवन में एक नई आशा का संचार करें । मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने चौहान के मानव सेवार्थ किए गए इस कार्य को अनुकरणीय बताते हुए उन्हें प्रशंसा पत्र प्रदान किया है।

# स्वास्थ्य शिविर में बच्चों का हुआ इलाज



सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** चिकित्सा विभाग की ओर से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चयनित चिकित्सा संस्थाओं पर शिविर का आयोजन बच्चों का उपचार किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक महरिया ने बताया कि विभाग की ओर से प्रत्येक ब्लॉक में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के कार्यरत टीमों द्वारा स्कूल, आंगनबाडी केन्द्र और मदरसों में जन्मजात विकृतियों व बीमारियों से ग्रसित बच्चों की स्क्रीनिंग का कार्य किया जाता है। स्क्रीनिंग के दौरान चयनित बच्चों के उपचार के लिए चिन्हित चिकित्सा संस्थानों पर शिविर लगाए जा रहे है, जिनमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जा रहा है। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विशाल सिंह ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दांता में मंगलवार को आयोजित हुए शिविर में 100 बच्चों का उपचार किया गया। वहीं सात बच्चों को उच्च संस्थान पर रैफर किया गया। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. बृजमोहन बाजिया, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. देवेंद्र सिंह, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. शिप्रा सिंह, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. कंचन एवं दंत रोग चिकित्सक डॉ. रेणू पूनियां ने सेवाएं दी।

# अंडरपास में भरे पानी में स्कॉर्पियो फंसने से चालक की संदिग्ध मौत

## रेलवे अधिकारियों ने किया अंडरपास स्थल का निरीक्षण

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** खानपुर अंडरपास में लंबे समय से भरे पानी में स्कॉर्पियो कार फसने से चालक धनपत राम पुत्र नाथूराम घिंटाला निवासी पदमपुरा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस जांच अधिकारी बन्नाराम ने बताया कि अंडरपास में अत्यधिक पानी भरा होने के कारण वाहन बंद हो गया। इसके बाद गाड़ी के शीशे बंद होने से अंदर ऑक्सीजन की कमी हो गई और घुटन के चलते चालक की मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण अंडरपास में जलभराव को माना जा रहा है।

### रेल्वे के सीनियर अधिकारियों ने किया निरीक्षण

घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के सीनियर अधिकारी मौके पर पहुंचे। सीनियर डीएन श्रीचंद पुनिया के निर्देशन में जयपुर से चीफ इंजीनियर यशवंत डाबी आरएसडब्ल्यू, सीनियर डीएन को ऑर्डिनेशन मनोहर सिंह तथा सीनियर सेक्शन इंजीनियर इंचार्ज कुलदीप चौधरी सहित अन्य अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए अंडरपास की ग्राउटिंग करवाई जाएगी तथा इसका लेवल कम किया जाएगा। वर्तमान 4 मीटर की हाइट को घटाकर 3.3 मीटर तक मॉडिफाई किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सप्ताह में दो बार जनरेटर लगाकर पानी निकाला जाता हैए लेकिन क्षेत्र में भू-जल स्तर अधिक होने के कारण नीचे से लगातार पानी भर रहा है।



### प्रशासक ने दी जन आंदोलन की चेतावनी

स्थानीय सरपंच हरदयाल रुलाणिया ने इस घटना के लिए प्रशासन और रेलवे की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि अंडरपास में लंबे समय से पानी भरने की समस्या बनी हुई थी लेकिन उच्चाधिकारियों द्वारा इसका स्थाई समाधान नहीं किया गया। सरपंच ने इसके खिलाफ बड़ा जन आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है।

# कड़ाके की ठंड व शीतलहर का सितम

## लोग दिनभर अलाव तापते नजर आए



निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** पिछले दो तीन दिन से क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड व शीतलहर के चलते लोग दिनभर अलाव तापते नजर आए। उपखंड क्षेत्र में दो तीन दिन से चल रही शीतलहर व कड़ाके की ठंड के चलते जहां रबी की फसलों में फायदा हो रहा है वहीं बाजारों में सन्नाटा पैसरा हुआ है जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मंगलवार को सुबह के समय जबरदस्त धुंध रही तो दिन में शीतलहर का प्रकोप रहा दिनभर लोग सूर्य भगवान के दर्शन को तरस गए जिसके चलते बरासिया मार्केट में दिनभर व्यापारी अलाव के सहारे बैठे नजर आ रहे थे। कड़ाके की ठंड के चलते बाजारों में ग्राहक भी ना के बराबर नजर आ रहे है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी तीन चार दिन तक मौसम ऐसा ही बने रहने के आसार है। इस दौरान बाजार के दुकानदार अनिल नेहरा, अमर सिंह, कृष्ण कुमार, मुकेश सैनी, आदित्य, सरजीत, अशोक सिंह, झंडुराम सैनी, शाहीद ग्राहकों का इंतजार करते नजर आए।

# सेफरागुवार के लोगों को जल्द मिलेगा शुद्ध पेयजल

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के सेफरागुवार गांव में पेयजल की समस्या को लेकर जलदाय विभाग हरकत में आया है। ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन के बाद व आंदोलन की चेतावनी को लेकर जलदाय विभाग ने गांव में बनी पानी की टंकियों की सफाई करवाई है। इसके अलावा गांव में नई पेयजल लाइन भी डाली जा रही है। सर्व समाज सेना के प्रदेशाध्यक्ष शंकर सिंह शेखावत ने बताया कि गांव में पिछले दो महीने से पानी की समस्या से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पेयजल की समस्या को लेकर कई बार जलदाय विभाग के अधिकारियों और पंप संचालकों को शिकायत की गई, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पेयजल आपूर्ति लाइन सही नहीं होने से को पीने के लिए साफ पानी नहीं मिल पाता है। उन्होंने बताया कि करीब दस दिनों में एक बार पीने के पानी का नंबर आता है, लेकिन उसमें भी साफ पानी नहीं मिलता है। यह समस्या निवासियों के लिए बहुत बड़ी चुनौती बन गई है। उन्होंने बताया कि यह समस्या बहुत गंभीर है। ग्रामीणों को पीने के लिए साफ पानी नहीं मिल पाना उनके स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी की टंकी से नलकूप द्वारा आने वाले पीने के पानी की हालत बेहाल है। पानी में कचरा और गंदगी सप्लाई की जाती है, जिससे लोगों के सामने बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। इसके अलावा पानी सप्लाई लाइन जगह जगह से क्षतिग्रस्त होने से नियमित रूप से पानी नहीं मिल पा रहा है। पेयजल की समस्या से परेशान महिलाओं को दूसरे स्थानों से पानी लाना पड़ रहा है। इसके अलावा टैंकर डलवाने से उन्हें आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने सात जनवरी को बड़े स्तर पर आंदोलन करने की चेतावनी दी थी, जिस पर विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गांव में बनी दो पेयजल टंकियों की सफाई करवाई गई है। इसके अलावा गांव में पाइपलाइन भी डालने का कार्य प्रगति पर है। पाइपलाइन का कार्य होने के बाद ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिल पाएगा।



# श्री कृष्ण रासलीला का मंचन आज से

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे में भाईजी श्री हनुमानप्रसाद पोद्दार के नोहर में उनकी स्मृति महोत्सव के अंतर्गत पंचदिवसीय श्रीकृष्ण रासलीला महोत्सव का आयोजन 7 से 11 जनवरी तक होगा। श्री हनुमान प्रसाद पोद्दार स्मृति न्यास के सदस्य विष्णुदत्त चौधरी ने बताया कि रासलीला का मंचन अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वृंदावन से आई श्रीनिकुंज बिहारी रास मंडली के कलाकार करेगें। रासलीला का समय सायं 7 बजे से रखा गया है। इसी क्रम में पंचदिवस पद रत्नाकर के पदगान का भी आयोजन प्रति दिवस 11 बजे से संत चितरंजनदास महाराज के सानिध्य में होगा। महाराज द्वारा प्रति दिवस संकीर्तन कराकर नगर प्रभात फेरी भी निकाली जाएगी। कार्यक्रम आयोजन की तैयारी में न्यास के किशनलाल पंसारी, कुलदीप चौधरी, ललित चौधरी सहित भाईजी के परिकर लगे है।

# ओवरलोड वाहनों पर बड़ी कार्रवाई, पौने तीन लाख का जुर्माना वसूला



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** जिला परिवहन अधिकारी सुप्रिया विश्नोई के नेतृत्व में सोमवार रात्रि को लाडनूं क्षेत्र में ओवरलोड एवं भारी वाहनों के खिलाफ सघन अभियान चलाया गया। इस दौरान लाडनूं सीओ जितेंद्र चारण एवं लाडनूं सीआई शिंभू दयाल मीणा के नेतृत्व में पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने तिरपाल मार्केट एरिया हाईवे पर कार्रवाई करते हुए नियमों का उल्लंघन कर रहे वाहनों पर शिकंजा कसा।

अभियान के दौरान 10 वाहनों के खिलाफ चालान बनाए गए, वहीं तीन ओवरलोड डंपर जब्त किए गए। इनसे करीब पौने तीन लाख रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी सुप्रिया विश्नोई ने बताया कि यह कार्रवाई जिला कलेक्टर महेंद्र सिंह खड़गावत के निर्देश पर जिलेभर में चलाए जा रहे ओवरलोड वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि ओवरलोड वाहन सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं और भविष्य में भी ऐसे वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध एवं ओवरलोड वाहन संचालकों में हड़कंप मच गया।

# एचसीएल के सेवानिवृत कर्मचारी के घर में हुई बड़ी चोरी

## करीब 5 लाख के जेवरात व नकदी उड़ाए चोरों ने



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ीनगर थाना क्षेत्र की भरगड़ा की ढ़ाणी में एचसीएल के सेवानिवृत्त कर्मचारी के मकान को निशाना बनाते हुए चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

चोर घर से करीब पांच लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात एवं 35 हजार रुपए नकद चुरा ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार तिहाड़ा निवासी सुमेर सिंह ने भरगड़ा की ढ़ाणी में मकान बना रखा है। उनकी पत्नी की तबीयत खराब होने के कारण वे अपने बेटों के साथ जयपुर गए हुए थे, जबकि मकान मालिक भी सोमवार शाम को अपने पैतृक गांव तिहाड़ा चला गया था। जब वह मंगलवार सुबह वापस लौटे तो घर के बाहर का कुंदा टूटा हुआ मिला तथा अंदर कमरे में बक्से व बैड का सामान बिखरा पड़ा था।

जब उन्होंने मकान में रखे सामान की जांच करने पर जेवरात रखने की पेटी से सभी गहने गायब मिले। इसके अलावा चोर घर में रखी 35 हजार रुपए नकदी भी अपने साथ ले गए। इस दौरान उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी तो सूचना मिलने पर खेतड़ीनगर पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। चोरी की वारदात को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है।

इस दौरान उन्होंने पुलिस से क्षेत्र में प्रभावी गश्त करने व चोरों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। इस संबंध में थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि घटनास्थल का मौका मुआयना किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है तथा आसपास के क्षेत्र में संदिग्धों की तलाश की जा रही है। चोरी के आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सर्व समाज ने उपनिदेशक सीगड़ का किया सम्मान

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी प्रोजेक्ट के दो दिवसीय दौरे पर खेतड़ी पहुंचे खान सुरक्षा महानिदेशालय डीजीएमएस अजमेर रीजन के उपनिदेशक रजनीश सीगड़ का मंगलवार को गोठड़ा ग्राम पंचायत के सर्व समाज की ओर से सम्मान किया गया। खेतड़ी नगर आगमन पर समाज के लोगों ने माला व साफा पहनाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि डीजीएमएस अजमेर रीजन के उपनिदेशक रजनीश सीगड़ थे। अध्यक्षता समाजसेवी बबलू अवाना ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में नासीर हुसैन, हसरत हुसैन, अमर सिंह मास्टर, अभिषेक जांगिड़, जितेंद्र सोनी मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष बबलू अवाना ने कहा कि रजनीश सीगड़ ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और कार्य के प्रति समर्पण के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उनका यह सफर युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि सीगड़ का केसीसी प्रोजेक्ट से जुड़ाव क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। हसरत हुसैन ने कहा कि रजनीश सीगड़ पूर्व में केसीसी प्रोजेक्ट में कार्य कर चुके हैं। यहां के अनुभवों के बल पर उन्होंने डीजीएमएस में रहते हुए केसीसी प्रोजेक्ट का नाम रोशन किया है। उनका कार्यकाल हमेशा खनन सुरक्षा और श्रमिक हितों के लिए याद किया जाएगा।



### खदानों के उत्थान के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा : सीगड़

मुख्य अतिथि रजनीश सीगड़ ने सम्मान के लिए सर्व समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केसीसी प्रोजेक्ट से उनका भावनात्मक जुड़ाव रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र की खदानों में सुरक्षा मानकों को और बेहतर बनाने तथा उनके समग्र उत्थान के लिए वे हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि सुरक्षित खनन ही सतत विकास का आधार है। इस अवसर पर मुकेश अग्रवाल, खालिद, महेंद्र सिंह, संदीप, राजेंद्र जांगिड़, आजाद, नवाब, देवकी नंदन सोनी, मोहित सोनी सहित सर्व समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# वर्धमान स्कूल में खेल सप्ताह-2026 का आगाज

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** वर्धमान विद्या विहार में 06 से 10 जनवरी 2026 तक खेल सप्ताह का आयोजन किया जाएगा, जिसका शुभारम्भ 6 जनवरी को संस्था की प्रबंध कार्यकारणी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। संस्था के सह सचिव रितेश रारा ने बताया कि इस खेल सप्ताह में विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगितायों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें भाग लेकर बच्चे खेलो के प्रति रुचि एवं अपनी प्रतिभा दिखायेंगे। संस्था सचिव संजय संगही ने बताया कि इस खेल आयोजन में खो-खो, कबड्डी, क्रिकेट, शतरंज, बेडमिंटन, 100 मीटर एवं 400 मीटर दौड़, कैरम, बाधा दौड़ के साथ साथ विद्यार्थियों के लिए अन्य कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी। 10 जनवरी को खेल प्रतियोगिताओं का समापन समारोह मनाया जायेगा जिसमें विजेताओं को मेडल, ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया जायेगा। खेल सप्ताह के समापन समारोह में मुख्य अतिथि मुकुल यादव क्रिकेटर एवं विकेट कीपर आईपीएल टीम लखनऊ, राव आनंद कुमार डीएसपी खाटूश्यामजी, सुभाष जोशी सेकेट्री, सीकर जिला क्रिकेट एसोसिएशन तथा आलोक सेठी समाजसेवी रहेंगे। खेल सप्ताह के शुभारम्भ में संस्था अध्यक्ष दीपक संगही, उपाध्यक्ष आशीष जयपुरिया सदस्यगण सुनील पहाड़िय, प्रियंक गंगवाल एवं मनोज जैन उपस्थित रहे।



# एसकेआरएयू कुलगुरु ने किया निरीक्षण



संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** एसकेआरएयू कुलगुरु प्रो राजेन्द्र बाबू दुबे ने मंगलवार को झुंझुनू के आबूसर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र तथा मंडावा स्थित स्व रामनारायण चौधरी कृषि महाविद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान निदेशक अनुसंधान डॉ. विजय प्रकाश आर्य एवं निदेशक प्रसार डॉ. दीपाली धवन भी उपस्थित रहे। कुलगुरु ने केवीके पर हाल ही में विकसित बाग़वानी प्रदर्शन ब्लॉक का उद्घाटन किया । उन्होंने इस ब्लॉक में विकसित सभी बाग़वानी इकाइयों का भ्रमण किया तथा इनकी सराहना की। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रभारी डॉ. दयानन्द तथा टीम ने फार्म पर रबी फसलों के बीज उत्पादन कार्यक्रम की जानकारी दी। केन्द्र द्वारा गेहूं, जौए चना एसरसों एवं मेथी का गुणवत्तापूर्ण प्रजनक बीज, आधार बीज, प्रमाणित बीच एवं सत्य चिन्हित बीज के रिकॉर्ड उत्पादन किया गया है इस पर संतोष व्यक्त करते हुए कुल गुरु ने इसे और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। प्रभारी अधिकारी ने बताया कि रिकॉर्ड बीज उत्पादन तथा उससे अर्जित आय के कारण केंद्र को दो बार राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया जा चुका है। कुलगुरु ने केंद्र पर स्थापित विभिन्न प्रदर्शन इकाइयाँ जैसे फसल कैफेटेरिया, प्राकृतिक खेती इकाई, किण्वित जैविक खाद प्रक्षेत्र इकाई, वर्मी कम्पोस्ट इकाई एवं बेर बाग सहित सभी प्रदर्शन इकाइयों का भ्रमण किया।

### कृषि महाविद्यालय मंडावा का किया अवलोकन

कुल गुरु ने स्वर्णश्री रामनारायण चौधरी कृषि महाविद्यालय, मण्डावा का दौरा किया। उन्होने कृषि महाविद्यालय के नवर्निमित भवन का अवलोकन करते हुए सभी प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय एवं कक्षाएं सुचारु रुप से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि महाविद्यालय मे लैंडस्केप ओर वृक्षारोपण के साथ चारदीवारी और सडक का निर्माण जल्द से जल्द पूर्ण करने को कहा। कुल गुरु डॉ. दुबे ने कृषि महाविद्यालय के कार्मिकों से भी मुलाकात की। अधिष्ठाता डॉ. पी.सी. गुप्ता ने विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. नरेन्द्र सिंह, डॉ. रवि कुमार मीणा व कृष्ण सिंह उपस्थित रहे।

# कोहरे से जनजीवन प्रभावित



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिले में कोहरे का असर मंगलवार को दूसरे दिन भी देखने को मिला। सुबह से ही कोहरे ने क्षेत्र को अपनी आगोश में ले लिया। बढ़ते सर्दी के प्रकोप के कारण जिला प्रशासन ने कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों का 10 जनवरी तक अवकाश भी बढ़ाया है। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा द्वारा जारी आदेशों में कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों का 10 जनवरी एवं कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों का सात जनवरी तक अवकाश घोषित किया गया है। वहीं क्षेत्र में छाए घने कोहरे के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। हैड लाइट के सहारे वाहन सड़कों पर दौड़ते हुए नजर आए। वहीं कोहरे के कारण लोगों की दैनिक दिनचर्या पर भी असर पड़ा है। रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर भी कोहरे का असर देखने को मिला तथा यहां पर यात्रीभार काफी कम रहा। कोहरे के कारण बाजारों में भी चहल पहल देरी से शुरू हुई। बढ़ते सर्दी के असर ने लोगों की कंपकपी छूटा दी है तथा अलाव का सहारा लेकर लोगों ने सर्दी से अपना बचाव किया।

# राजकीय विद्यालय में शैक्षणिक सामग्री वितरित



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** जुझारपुर की राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरण की गई। जयप्रकाश जांगिड़ पुत्र हनुमान प्रसाद जांगिड़ एवं अनिल कुमार पुत्र शीशराम सैनी द्वारा अपने पुत्र तनीष व पुत्री तेजल के जन्मदिवस के अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों को स्वेटर, जूते-मोजे व टोपी का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्यारे लाल जांगिड़ ने की। मुख्य अतिथि पीईईओ मानोता रतन सिंह दहिया रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बिरेंद्र अवाना, सम्पत लाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। संस्था प्रधान जगमाल सिंह ने भामाशाहों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर सुनील जांगिड़, भगीरथ लाल, कृष्ण कुमार, दिनेश जांगिड़, विजेन्द्र, लोकेश मौजूद थे। कार्यक्रम का मंच संचालन नरेश कुमार ने किया।

# इलेक्ट्रॉपैथी चिकित्सा शिविर का समापन



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** कुम्भ नाथ जी दरबार की पुण्यतिथि के अवसर पर कामाक्षा माँ शैलेन्द्र बाबा कामधेनु सेवा संस्थान ट्रस्ट के तत्वावधान में राजस्थान स्वस्थ्य सेवा अभियान के तहत नि:शुल्क 176 वां इलेक्ट्रॉपैथी चिकित्सा शिविर समापन हुआ। दरबार के महंत अघोरी बाबा शैलेंद्र नाथ के सानिध्य रहा। शिविर का समापन पोकरण विधायक महंत प्रताप पूरी ने किया। शिविर संयोजक घनश्याम शर्मा व डॉ. नंदकिशोर कुमावत के नेतृत्व शिविर में जयपुर के योगवंशम सेवा संस्थान के डॉ. घनश्याम चौधरी, डॉ. आलोक, डॉ. नीरज, डॉ. प्रमोद, डॉ. अनूप सैनी, डॉ. अमर सिंह, डॉ. उर्मिला, डॉ. आर एन वर्मा, डॉ. एस आर सोनी सीकर सहित टीम ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में 315 मरीजो ने शिविर का लाभ लिया। शिविर से शिविर में मरीजो को आवश्यक परामर्श प्राकृतिक चिकित्सा उपचार के साथ एलक्ट्रोहोम्यो पैथी की दवाइया नि:शुल्क दी गई। शिविर में सेवाएं देने वाले डॉक्टर्स की टीम का प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सुरेंद्र शर्मा, विजय शर्मा, ओपी बिर्ख, प्रभु दयाल चेजारा, सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालु जन मौजूद रहे।

# युवा विकास समिति की प्रेरणा से बोथरा परिवार ने वितरित की 120 कम्बल

निसं



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर युवा विकास समिति की प्रेरणा से कस्बे के भामाशाह छत्रसिंह बोथरा ने अपनी माता स्वर्गीय किरण देवी बोथरा पिता स्वर्गीय बाबूलाल बोथरा की स्मृति में गांव पंचायत आबडसर, छाजूसर में जरूरतमंद महिलाओं एवं पुरुषों को 120 कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजलदेसर युवा विकास समिति के अध्यक्ष रतनलाल बारूपाल, उपसरपंच धनराज सारस्वत, वीर विक्रम सिंह, ईशर नाथ, अर्जुन नाथ के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम में उपसरपंच धनराज सारस्वत ने कहा अपने माता-पिता की याद में जो पुत्र इस सर्दी के मौसम में जरूरतमंद परिवार जनों को जो कंबल वितरण का कार्यक्रम लगातार कर रहे हैं उसके लिए मेरे पास कोई शब्द नहीं है भविष्य में भी इसी तरह छतर सिंह बोथरा परिवार जरूरतमंद परिवार जनों की सेवा करते रहे कार्यक्रम में युवा विकास समिति के अध्यक्ष रतनलाल बारूपाल ने समिति के द्वारा अब तक कराए गए कार्यों की जानकारी दी एवं भामाशाह छतर सिंह बोथरा का आभार प्रकट करते हुए कहा कि लगातार 3 वर्षों से प्रतिवर्ष जितनी कंबल जरूरतमंदों को चाहिए उनके द्वारा मदद की जा रही है। उन्होंने छतर सिंह बोथरा परिवार का आभार जताया । कार्यक्रम में वीर विक्रम सिंह ने कहा बोथरा परिवार के द्वारा आबडसर, छाजूसर के अंदर पहली बार कंबल वितरण का जो कार्यक्रम आयोजित किया है उसके लिए पूरे ग्राम वासियों की ओर से आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का माला पहनाकर व तस्वीर देकर सम्मान किया। जरूरतमंद महिला व पुरुषों ने छतर सिंह बोथरा का आभार जताया। कार्यक्रम में युवा विकास समिति के मंत्री मदन दाधीच, विनोद भाटिया, सीताराम गर्ग, शिव भगवान सोनी, हंसराज डेनवाल, रामसिंह, रामचंद्र सिंह, समुद्र सिंह, ईशर नाथ सिद्ध, मेघ नाथ सिद्ध राधेश्याम, कालू सिंह, पूर्ण सिंह, बद्री प्रसाद शर्मा, लालचंद शर्मा, हिरनाथ सिद्ध, रामप्रताप नाथ, सिद्ध, अर्जुन नाथ सिद्ध, कन्हैया लाल शर्मा, भागीरथ नाथ, रमेश गर्ग श्रवण सारस्वत सहित अनेकों ग्रामवासी उपस्थित थे।

# स्टार्टअप्स, निवेशकों और उद्योग जगत का संगम



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रतिष्ठित राजस्थान पोलो क्लब में आयोजित एक्सएलआरआठएआर इनोवेशन जंबोरी ने भारत के तेजी से उभरते स्टार्टअप इकोसिस्टम को एक मजबूत मंच प्रदान किया। इस भव्य आयोजन में देश के विभिन्न हिस्सों से आए स्टार्टअप संस्थापक, निवेशक, उद्योग विशेषज्ञ और बिज़नेस लीडर्स एक साथ जुड़े, जहां नवाचार, निवेश और सहयोग पर गहन चर्चाएं हुईं। यह आयोजन केवल एक नेटवर्किंग इवेंट नहीं रहा, बल्कि यह लंबी अवधि की साझेदारियों, सह-निवेश और 2026 तक की संयुक्त विकास योजनाओं की नींव बना। एक्सएलआरआठएआर इनोवेशन जंबोरी में कई प्रतिष्ठित और प्रभावशाली हस्तियों की उपस्थिति रही, जिनमें हमीद दाखिल, डॉ. डी.जे. जावर, पुनीत ठाकुर, पियूष राठी, विशाल धूत, मनीष के प्रह्लाद, अजय डेटा, धीरज विजयवर्गीय, अधिराज मेहरा, दीपक फरिया शाह, जिग्नेश पटेल, नितिका खुराना और रिदम जैन शामिल थे। इन सभी नेताओं ने स्टार्टअप्स के साथ सीधे संवाद किया, उनके बिज़नेस मॉडल को समझा और भविष्य की संभावनाओं पर विचार साझा किए। उनकी भागीदारी ने आयोजन की विश्वसनीयता और प्रभाव को और मजबूत किया। इस कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण रहा लगभग 5 करोड़ रुपये के निवेश में रुचि की सार्वजनिक घोषणा, जो कार्यक्रम में मौजूद 5.6 प्रमुख निवेशकों और उद्योग नेताओं द्वारा की गई। यह निवेश रुचि उन स्टार्टअप्स के लिए व्यक्त की गई जिन्होंने अपने नवाचार, स्केलेबिलिटी और बाज़ार क्षमता के साथ मंच पर प्रस्तुति दी। इस निवेश संकेत ने यह स्पष्ट किया कि भारत के उभरते स्टार्टअप्स को लेकर निवेशकों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है, खासकर जब उन्हें सही मंच और सही नेटवर्क मिलता है।

# आरएसएलडीसी कंपनियों के कंसोर्टियम के साथ राजस्थान में 3.5 लाख नौकरियां देगा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान स्किल एंड लाइवलीहुड्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन ने सेंटर फॉर इनोवेशन इन पब्लिक पॉलिसी की लीडरशिप में कंपनियों के एक कंसोर्टियम के साथ 100 मिलियन जॉब्स मिशन के साथ एक मेमोरेंडम ऑफअंडरस्टैंडिंग साइन किया। इस कंसोर्टियम में इम्प्लीमेंटेशन पार्टनर जेनरेशन इंडिया फाउंडेशन हेड हेल्ड हाई फाउंडेशन और सार्व सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं, जो पूरे राजस्थान में 3.5 लाख नौकरियां बनाने में मदद करेंगे। आरएसएलडीसी के मैनेजिंग डायरेक्टर रिशव मंडल और डिप्टी जनरल मैनेजर सुनीता चौधरी के साथ प्राइवेट सेक्टर के दूसरे सीनियर लीडर्स की मौजूदगी में एमओयू साइन किए गए, जिनमें 100 मिलियन जॉब्स के को-फाउंडर हरीश मेहता और 100 मिलियन जॉब्स के फाउंडर ए.जे. पटेल शामिल थे। यह पार्टनरशिप राजस्थान की मजबूत इकोनॉमिक रफ्तार और राज्य सरकार के उस कमिटमेंट पर बनी है, जिसे इस साल की शुरुआत में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने 2030 तक राजस्थान की इकोनॉमी को यूएसडी 350 बिलियन तक बढ़ाने के लिए कहा था। इस कंसोर्टियम पार्टनरशिप का मकसद डिमांड से जुड़े स्किल डेवलपमेंट को मजबूत करके और प्रायोरिटी और एस्पिरेशनल जिलों में ऑन-ग्राउंड इम्प्लीमेंटेशन के जरिए ट्रेनिंग देकर बड़े पैमाने पर जॉब क्रिएशन को मुमकिन बनाना है। यह इनिशिएटिव युवाओं, महिलाओं और नीट कैटेगरी में पहली बार जॉब ढूंढने वालों पर फोकस करेगा, जो मैन्युफैक्चरिंग, सर्विसेज, डिजिटल और रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में रोजगार के रास्तों को सपोर्ट करेगा।

# 51 सौ कलश के साथ आज निकाली जाएगी भव्य नशामुक्ति रैली



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** श्री मसानियां भैरव धाम राजगढ़ अजमेर के मनोकामना पूर्ण स्तंभ की 23वीं वर्ष गांठ के उपलक्ष्य में सुजानगढ़ में मुख्य उपासक चंपालाल महाराज का बुधवार को आगमन होगा।

इस उपलक्ष में 5100 कलश के साथ मातृ शक्ति एवं नशामुक्ति रैली एनके स्टेडियम से रवाना होना होगी। गोपालपुरा की प्रशासक सविता राठी ने बताया कि रैली मुख्य बाजारों से होकर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। जहां प्रसिद्ध भजन गायक ओम मुंडेल, सुनीता स्वामी, राजकुमार स्वामी, पद्मश्री नाथूलाल सोलंकी द्वारा भजनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी जाएगी। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी मुख्य अतिथि होंगे। मंगलवार को सभा स्थल का गोपालपुरा प्रशासक सविता राठी, पूर्व सरपंच केसर सिंह राजियासर, अजय बुडानिया, सुरेश सेन, अजय, कैप्टन, गोपाल पारीक, सतीश सेन, पुष्पेंद्र चौहान, रामनिवास आदि ने जायजा लिया। सुजानगढ़ में नशा मुक्ति के इस भव्य कार्यक्रम को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। सुबह नौ बजे शुरू होने वाले जुलूस के स्वागत के लिए 51 स्वागत द्वार लगाए गए हैं तथा रणधीसर, भोजलाई, गेड़ाप, देवाणी, रामपुर, गोपालपुरा, पड़िहारा, लाडनूं, छापर सहित आसपास के कस्बों से भी श्रद्धालु इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।

# सड़क सुरक्षा को लेकर निकाली जागरूकता रैली



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सड़क सुरक्षा को लेकर पंचायत समिति से जागरूकता बाइक रैली निकाली गई। रैली को उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान डीटीओ बजरंगलाल खीचड़, डीएसपी ओमप्रकाश वर्मा और डीटीओ कार्यालय के इंस्पेक्टर और स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने जनता से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। रैली शहर के मुख्य मार्गों से निकली और लोगों को सड़क सुरक्षा के लिए बाइक पर हेलमेट लगाने और कार में सीट बेल्ट का प्रयोग करने और यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया।

# यातायात नियमों के पालन नहीं करने वालों पर होगी अभय कमांड सेंटर से निगरानी

सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** यातायात नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के लिए अब नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर अभय कमांड सेंटर से भी निगरानी रखी जाएगी। बिना हेलमेट व सीट बेल्ट के वाहन चलाने, यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से ऑनलाइन चालान की कार्रवाई की जाएगी। ये निर्देश मंगलवार को जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए गए। जिला कलेक्टर ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लगे कैमरों के माध्यम से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों की पहचान कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए ट्रैफिक लाइट्स की आवश्यकता वाले स्थानों की पहचान कर प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए। बैठक में सड़क सुरक्षा माह के तहत संचालित गतिविधियों की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर ने पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को विशेष अभियान चलाकर विभिन्न मार्गों पर औचक नाकाबंदी कर अवैध परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहरी निकायों के अधिकारियों को शहरी क्षेत्र की मुख्य सड़कों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नियमित रूप से करने के निर्देश भी दिए, ताकि यातायात सुचारू एवं सुरक्षित बनाया जा सके। बैठक में पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता सतीश चंद्र गुप्ताए डिप्टी एसपी गोपाल सिंह ढ़ाका, सीडीईओ अशोक शर्मा सहित पुलिस, परिवहन, शहरी निकाय व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# केशवानन्द के अनुज का फुटबॉल में राष्ट्रीय स्तर पर चयन



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान, भढाढर, सीकर के छात्र अनुज का 69वीं राष्ट्रीय फुटबाल 17 वर्ष छात्र प्रतियोगिता जो 12 से 16 जनवरी तक पानीपत, हरियाणा में आयोजित होने जा रही है में चयन हुआ है। जानकारी देते हुए खेल प्रभारी महेन्द्र सहारण ने बताया कि चयनित खिलाड़ी का पूर्व प्रशिक्षण शिविर 5 से 9 जनवरी तक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बिरौल, नवलगढ़ में आयोजित होगा। इससे पूर्व भी अंडर 14 वर्ष में 2 खिलाड़ियों अमन और शिव कुमार का भी फुटबॉल में राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। संस्था निदेशक रामनिवास ढाका, चेयरमैन सुरेन्द्र सिंह, सहनिदेशक गोपाल सिंह एवं कैम्पस हैड राहुल ढाका, प्रधानाचार्य डॉ विजेंद्र सिंह मलिक ने इस शानदार उपलब्धि पर खेल प्रशिक्षक नरेश श्योराण अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रशिक्षक व खिलाड़ी को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

# राष्ट्रीय ऑपन कबड्डी चैंपियनशिप में योगी स्टेडियम चैंपियन




निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** कुंभ नाथ दरबार की पुण्यतिथि पर आयोजित राष्ट्रीय का ओपन कबड्डी प्रतियोगिता के पारितोषिक वितरण समारोह के महंत अघोरी बाबा शैलेन्द्र नाथ महाराज के सानिध्य में मुख्य अतिथि शास्त्री महामंत्री पतंजलि इस प्रतियोगिता में 16 अकाल ग्रामीण में राष्ट्रीय ओपन कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लिया। राष्ट्रीय ओपन आयोजन सचिव सुभाष योगी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 51000 प्रथम स्थान 31000 दूसरे स्थान 5000 तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों एवं एकल ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता के विजेता की टीम को 21000 उपविजेता को 11000 तीसरी स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 5000 नगद पुरस्कार वह श्रेष्ठ खिलाड़ियों को 5000 रुपए नगद पुरस्कार दिया गया। कामाक्षी माँ शैलेंद्र बाबा कामधेनु सेवा संस्थान ट्रस्ट मुकुंदगढ़ झुंझुनू में आयोजित राष्ट्रीय ओपन कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में योगी स्टेडियम झुंझुनू ने हरि पूनिया हेडेरा 32--22 तीसरे स्थान पर अंकित मंडोला की टीम रही एकल ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता में मुकुंदगढ़ में जाटवाली को 27-26 तीसरे स्थान पर जुगतापुरा की टीम रही ग्रामीण एकल कबड्डी प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी साहिल गुर्जर मुकुंदगढ़ व राष्ट्रीय ओपन प्रतियोगिता का श्रेष्ठ खिलाड़ी लक्ष्य चूरू को दिया गया।

# सड़क निर्माण की भावी योजना को लेकर बैठक आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले में सड़क निर्माण की भावी योजना प्रॉस्पेक्टिव प्लान तैयार करने को लेकर मंगलवार को जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र, पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों के विकास, आमजन की सुविधा तथा ट्रक, बस व औद्योगिक एसोसिएशन सहित मार्केटिंगध्टूरिज्म बोर्ड के प्रतिनिधियों से सुझाव आमंत्रित किए गए। बैठक के दौरान जिले में पर्यटन मार्गों के चौड़ीकरण एवं एलाइनमेंट सुधार को लेकर विभिन्न प्रस्ताव रखे गए। इनमें मंडावा से रामगढ़, उदयपुरवाटी से शाकंभरी माता मंदिर, गोलयाणा से लोहार्गल धाम, मंडावा से महनसर सहित अन्य पर्यटन व धार्मिक क्षेत्रों को जोड़ने वाली सड़कों को योजना में सम्मिलित करने के प्रस्ताव प्रमुख रहे। इसके अलावा औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से बबाई औद्योगिक क्षेत्र में कलोटा रोड से नीमकाथाना रोड को जोड़ने, चनाना, नंगली एवं बडाऊ गांव से बाईपास निकालने के प्रस्ताव भी बैठक में रखे गए। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने कहा कि प्राप्त सुझावों का परीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर सड़क निर्माण की भावी योजना तैयार की जाएगी, जिससे जिले में आवागमन सुगम होने के साथ-साथ पर्यटन एवं औद्योगिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। बैठक में पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता सतीश चंद्र गुप्ता सहित औद्योगिक क्षेत्र, पर्यटन व धार्मिक संस्थाओं, ट्रक, बस व औद्योगिक एसोसिएशन तथा मार्केटिंग/टूरिज्म बोर्ड के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# बेलगाम ट्रंप, टैरिफ बढ़ाने चेतावनी



वेनेजुएला पर हमला कर वहां के राष्ट्रपति का अपहरण कराने और ईरान समेत अन्य दक्षिण अमेरिकी देशों को धमकाने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरह रूस से तेल खरीद के मामले में भारत पर टैरिफ बढ़ाने चेतावनी दी, वह उनके बढ़ते अहंकार का नया प्रमाण है। उन्होंने जिस तरह यह कहा कि प्रधानमंत्री मोदी बहुत अच्छे हैं, लेकिन वे जानते हैं कि रूस से तेल खरीदने के कारण मैं उनसे खुश नहीं और मुझे खुश करना जरूरी है, उससे उनकी तानाशाही मानसिकता ही प्रकट होती है। वे न केवल पूरी तरह बेलगाम दिख रहे हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक शिष्टाचार की भी धज्जियां उड़ा रहे हैं।

वे ऐसे व्यवहार कर रहे हैं जैसे दुनिया के थानेदार हों या फिर उन्हें विश्व को अपने हिसाब से चलाने का जनादेश मिला हुआ है। वे अपने साथ अमेरिका की भी फजीहत करा रहे हैं। यदि वे यह समझ रहे हैं कि उनके रवैये से उनकी या अमेरिका की साख बढ़ रही है तो ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। अमेरिका केवल अपनी साख ही नहीं गंवा रहा है, बल्कि एक ऐसे गैर जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में उभर रहा है, जो विश्व व्यवस्था को छिन्न-भिन्न कर दुनिया को अराजकता की ओर धकेल रहा है। इसके दुष्परिणाम अमेरिका को भी भोगने होंगे, क्योंकि विश्व के तमाम राष्ट्र उनसे तंग आ चुके हैं और यह एक तथ्य है कि आज अमेरिका उतना सशक्त नहीं, जितना पहले हुआ करता था।

ट्रंप अपने अहं को पूरा करने के लिए जिस तरह अपने मित्र राष्ट्रों से भी बैर मोल ले रहे हैं, वह उन्हें महंगा पड़ सकता है, क्योंकि उनका मनमानापन विश्व के देशों को अमेरिका के खिलाफ एकजुट होने को मजबूर कर रहा है। यह बहुत दिनों तक संभव नहीं कि ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका तो मनमानी करे और विश्व से नियम-कानूनों के हिसाब से चलने की अपेक्षा करे। वे जिस तरह अस्थिरता फैला रहे हैं, उससे विश्व शांति ही नहीं, अर्थव्यवस्था भी खतरे में पड़ रही है। ट्रंप ने भारत पर पहले ही 50 प्रतिशत टैरिफ थोप रखा है। इसमें 25 प्रतिशत व्यापार समझौता न हो पाने और 25 प्रतिशत रूस से तेल खरीदने के कारण है। यदि वे और टैरिफ बढ़ाते हैं तो यह एक तरह से भारत पर पाबंदी लगाने जैसा होगा। यह ठीक है कि भारत को अमेरिकी सहयोग की आवश्यकता है, लेकिन उसे उसके अनुचित दबाव का प्रतिकार करना होगा। भारत को ट्रंप की शर्तों पर व्यापार समझौता करने से बचना होगा। भारत को यह भी आभास हो जाना चाहिए कि अमेरिका से व्यापार समझौता होने में और देरी हो सकती है। भारत को ट्रंप को उनकी भाषा में जवाब देने की जरूरत नहीं, लेकिन यह स्पष्ट करने में संकोच नहीं करना चाहिए कि वह उनके बेजा व्यवहार के समक्ष झुकने वाला नहीं।

## विशेष आलेख

# साम्राज्यवाद का प्रतिरोध आवश्यक

**देखा जाए तो ताइवान का परिप्रेक्ष्य वेनेजुएला से भिन्न है, मगर जब संप्रभुता और शांतिपूर्वक बर्ताव के सिद्धांत ही लुप्त हो रहे हों तो राष्ट्रपति शी चिनफिंग जैसे आक्रामक नेता अराजकता का फायदा क्यों नहीं उठाएंगे? चीन निश्चित रूप से इराक, अफगानिस्तान, लीबिया और अब वेनेजुएला में पश्चिमी दखलंदाजी का हवाला देकर ताइवान और अन्य एशियाई पड़ोसियों पर दबाव और हमले की योजनाओं को तेज करेगा।**

वेनेजुएला में अमेरिकी हमला यही दर्शाता है कि हम महाशक्तियों की घातक प्रतिस्पर्धा और उनके मनमाने हस्तक्षेपों के दौर में जी रहे हैं। ऐसे दौर में जहां अंतरराष्ट्रीय कानूनों और जंगल के कानूनों में कोई अंतर ही नहीं रह गया है। वेनेजुएला में तख्तापलट के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शेखी बघारते हुए कहा, 'हमें इसे फिर से करना होगा, हम फिर से ऐसा कर सकते हैं और कोई हमें रोक नहीं सकता।' यानी जिसकी लाठी उसी की भैंस। ट्रंप का यह औपनिवेशिक दावा कि 'हम वेनेजुएला को चलाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि इसे ठीक से चलाया जाए', स्पष्ट संकेत है कि शक्तिशाली ही शक्तिहीन पर राज करेंगे। ट्रंप ने वेनेजुएला में अवैध रूप से सत्ता परिवर्तन करके वहां के खनिजों को अमेरिकी कंपनियों के एकाधिकार में लाने की खुलेआम घोषणा से सिद्ध कर दिया कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों के जो भी बचे-कुचे बंधन थे, वे भी ध्वस्त होते जा रहे हैं।

इससे पहले रूस ने अपने मुकाबले कमजोर पड़ोसी यूक्रेन पर आक्रमण कर उस पर विशेषाधिकारों का दावा किया। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के अनुसार बड़ी शक्तियों को अपने-अपने प्रभाव वाले क्षेत्र रखने की स्वतंत्रता होनी चाहिए और यूक्रेन की सच्ची संप्रभुता तभी संभव है जब वह रूस के प्रति मित्रवत और पराधीन रहे। इनके उलट चीन ने अभी तक ताइवान पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण करने या भारत, वियतनाम, फिलीपींस अथवा जापान पर सीधे हमले का प्रयास नहीं किया है, परंतु कमजोर पड़ोसियों के प्रति उसका भी औपनिवेशिक और दबंग रवैया है जो दिन-प्रतिदिन और बिगड़ता जा रहा है। जब सभी बलशाली देश आक्रामक और लुटेरे तेवरों पर उतर आएं तो बड़ी मछली का छोटी मछली को निगलना सामान्यीकृत होने लगता है।

वैश्विक राजनीति के बारे में कहा जाता है कि वह सिद्धांतों एवं मानदंडों के आधार पर संचालित होती है, लेकिन हालिया उदाहरण कुछ और ही संकेत करते हैं। वेनेजुएला में अमेरिकी हमले के बाद ताइवान को लेकर समय-समय आक्रामकता दिखाने वाले चीन पर भी अंतरराष्ट्रीय कानून वाले तर्क बेमानी हो जाते हैं। लैटिन भाषा में 'टू कुआकवे' जैसी एक संकल्पना है, जिसके अनुसार प्रतिद्वंद्वी के व्यक्तिगत व्यवहार और कार्यों को उनके तर्क के साथ असंगत बताकर उनके तर्क को अमान्य कर दिया जाता है।

वेनेजुएला में सशस्त्र हमला कर और उसकी आंतरिक राजनीति को जबरदस्ती बदलकर ट्रंप ने हर संभावित हमलावर को सुविधाजनक बहाना दे दिया है। ट्रंप प्रशासन की नवीनतम राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि अमेरिका लैटिन अमेरिका पर प्रभुत्व स्थापित करने और एक ऐसे पश्चिमी गोलार्ध का निर्माण करने के लिए उन्नीसवीं सदी के 'मोनरो सिद्धांत' को समकालीन संदर्भ में लागू करेगा, जिससे पूरे क्षेत्र की सरकारों को अमेरिका के आर्थिक और सामरिक हितों के अनुसार चलना होगा। अगर लैटिन अमेरिका में अमेरिका की धौंस जायज है, तो एशिया में चीन अपने आप को बेताज बादशाह क्यों न मान ले?



रूस की तरह चीन भी कहता आ रहा है कि पश्चिमी शक्तियों के पाखंड और दोहरे रवैये के कारण ही अंतरराष्ट्रीय कानूनों के चिथड़े उड़ गए हैं और वे दोनों अपनी 'आत्मरक्षा' के नाम पर सख्त से सख्त कार्रवाई करने के लिए स्वयं को विवश बताते हैं। ताइवान को धमकाने के लिए चीन द्वारा किए जा रहे प्रत्येक युद्ध अभ्यास में अनिश्चितता अंतर्निहित है और इनमें से कोई भी वास्तविक युद्ध में तब्दील हो सकता है।

अब तक अगर ताइवान पर चीन ने धावा नहीं बोला है तो यह अंतरराष्ट्रीय नियम या विधि के प्रति शी चिनफिंग की श्रद्धा के कारण नहीं है, बल्कि उस उपयुक्त समय की प्रतीक्षा की वजह से है जब हिंद-प्रशांत में शक्ति संतुलन और भूराजनीतिक परिस्थितियां चीन के पक्ष में कहीं अधिक झुक जाएं। चीन भली-भांति जानता है की अमेरिका अब भी 'खुले एवं स्वतंत्र' हिंद-प्रशांत को अपना मूल राष्ट्रीय हित मानता है और अमेरिकी सैन्य सामग्री लगातार ताइवान तथा अन्य एशियाई मित्र देशों को बेची भी जा रही है। चिनफिंग यह चाहेंगे कि वेनेजुएला में हस्तक्षेप के बाद अगर अमेरिका उसी पड़ोसी क्षेत्र में उपनिवेशवादी मंशा से ज्यादा उलझ जाए और चीन के साथ व्यापार समझौते के चलते एशिया की तकदीर चीन के हाथों छोड़ दें तो ताइवान पर आधिपत्य का उसके पास सुनहरा मौका होगा।

आक्रामक महाशक्तियों द्वारा अंतरराष्ट्रीय कानूनों पर किए जा रहे व्यापक आघातों के मद्देनजर छोटे देशों के लिए अपना अस्तित्व बचाए रखने की क्या रणनीति हो सकती है? मौलिक स्तर पर उन्हें समूचे 'वैश्विक दक्षिण' में एकजुट होकर हस्तक्षेप की नितांत अस्वीकृति के सिद्धांत पर जोर देना होगा, ताकि महाशक्तियों का जंगल-राज एक सामान्य दस्तूर न बन जाए। व्यावहारिक स्तर पर उन्हें क्षेत्रीय एकीकरण और एकता को प्राथमिकता देनी होगी, ताकि कोई भी महाशक्ति आसानी से उनमें भेद पैदा करके उन्हें बांट न सके। वेनेजुएला में मादुरो ने सबसे बड़ी भूल यह की कि पड़ोसी लैटिन अमेरिकी देशों के साथ उन्होंने वर्षों से दुश्मनियां मोल लीं और अंत में अमेरिकी आक्रमण को टालने के लिए कोई प्रांतीय गठबंधन या संस्थान शेष नहीं रहा। स्मरण रहे कि एक सभ्य विश्व व्यवस्था का निर्माण तभी संभव है, जब कमजोर देश एकजुट होकर वर्चस्व का विरोध करें। इतिहास से हम थोड़ी बहुत सीख-समझ भी ले सकते हैं कि यदि साम्राज्यवाद सदियों पुराना है तो समानता और मर्यादा की चाह भी उतनी ही पुरानी है।

## आज का राशिफल

### मेष
पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। दु:खद समाचार मिल सकता है। धैर्य रखें। अस्वस्थता बनी रहेगी। खुद के प्रयत्नों से ही जनप्रियता एवं सम्मान मिलेगा। रोजगार के क्षेत्र में संभावनाएँ बढ़ेंगी। स्थायी संपत्ति संबंधी खटपट हो सकती है। पुरानी बीमारी उभर सकती है।

### वृष
शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। भागदौड़ रहेगी। घर-परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। कार्यकुशलता सहयोग से लाभान्वित होंगे। काम में मन लगेगा। स्वयं का सोच अनुकूल रहेगा। रिश्तेदारों से संबंधों की मर्यादा बनाए रखें। अच्छी व सुखद स्थितियाँ निर्मित होंगी।

### मिथुन
प्रयास सफल रहेंगे। प्रशंसा प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा। व्यवसाय अच्छा चलेगा। कार्य क्षेत्र में नई योजनाओं से लाभ होगा। लगन, मेहनत का उचित फल मिल सकेगा। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें। विवाद सुलझेंगे।

### कर्क
चोट व रोग से बाधा संभव है। बेचैनी रहेगी। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। रोजगार मिलेगा। संतान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। सोचे कामों में मनचाही सफलता मिलेगी। व्यापारिक निर्णय समय पर लेना होंगे। विरोधी आपकी छवि खराब करने का प्रयास कर सकते हैं।

### सिंह
पुराने संगी-साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा। अच्छी व सुखद स्थितियाँ निर्मित होंगी। विरोधी आपकी छवि खराब करने का प्रयास कर सकते हैं। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

### कन्या
पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। नए कार्यों, योजनाओं की चर्चा होगी। लाभदायी समाचार आएँगे। समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। साहस, पराक्रम बढ़ेगा। विश्वासप्रद माहौल रहेगा।

### तुला
घर-बाहर तनाव रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। जल्दबाजी न करें। नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। किसी मामले में कटु अनुभव मिल सकते हैं। सरकारी, कानूनी विवाद सुलझेंगे। जोखिम, लोभ, लालच से बचें। नया काम, व्यवसाय आदि की बात बनेगी।

### वृश्चिक
विवाद से क्लेश होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। आपसी मतभेद, मनमुटाव बढ़ेगा। किसी से मदद की उम्मीद नहीं रहेगी। आर्थिक समस्या बनी रहेगी। व्यसनाधीनता से बचें। व्यापार, रोजगार मध्यम रहेगा।

### धनु
चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार की स्थिति अच्छी रहेगी। रचनात्मक काम करेंगे। कर्मचारियों पर निगाह रखें। परिवार की समस्या का उचित समाधान होगा। लाभ होगा। परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा।

### मकर
फालतू खर्च होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। नवीन मुलाकातों से लाभ होगा। आमदनी बढ़ेगी। रुका धन मिलने से निवेश में वृद्धि होने के योग हैं। उदर संबंधी विकार हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में तरक्की होगी।

### कुंभ
धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। कानूनी बाधा दूर होकर लाभ होगा। पूँजी निवेश बढ़ेगा। पहले किए गए कार्यों का लाभदायी फल आज मिल सकेगा। संतान के कामों से खुशी होगी। पुराने संगी-साथियों से मुलाकात होगी।

### मीन
रोजगार मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवाद न करें। नौकरी करने वालों को ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति मिलने की संभावना है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

## स्वास्थ्य समाचार

# चेहरे पर चावल का आटा लगाने से दूर होती हैं कई समस्याएं

चावल का आटा हमारी से सेहत को तो दुरुस्त रखता ही है, साथ ही ये हमारे फेस के लिए भी काफी फायदेमंद है। चावल का आटा चेहरे पर लगाने से चेहरे की रंगत निखरती है, चेहरे के दाग-धब्बे दूर होते हैं, चेहरा चमकदार बनता है और टॉक्सिन्स बाहर निकलते हैं। चावल का आटा एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन्स और फोलिक एसिड से भरपूर होता है, जो चेहरे की कई समस्याओं को दूर करते हैं। इसका इस्तेमाल त्वचा के एक्सेस ऑयल को निकालने के लिए भी कर सकते हैं। चावल का आटा चावल को पीसकर बनाया जाता है। 1 चम्मच चावल के आटे को मलाई में मिला कर मिश्रण तैयार करें। इस मिश्रण को डार्क सर्कल पर अप्लाई करें। 15-20 मिनट इसे लगा रहने के बाद नॉर्मल पानी से चेहरे को धो लें। लगातार ऐसा करने से डार्क सर्कल की समस्या दूर होती है। हफ्ते में दो बार इस नुस्खे को ट्राई कर सकते हैं।



### रंगत निखारने के लिए

चावल का आटा त्वचा के नैचुरल रंगत को निखारने में मदद करता है। एक कटोरी में 1 चम्मच चावल का आटा, मैश किया हुआ कच्चा आलू, आधा चम्मच शहद और 1 चम्मच गुलाब जल मिला लें। अब इस मिश्रण को स्क्रब के जैसा चेहरे पर लगाएं। 10 मिनट इस मिश्रण को लगाने के बाद नॉर्मल पानी से चेहरे को धो लें।

### दाग-धब्बे दूर करें

दाग-धब्बे चेहरे की सुंदरता को कम करते हैं। दाग-धब्बे कम करने के लिए 1 चम्मच चावल का आटे में 1 चम्मच गुलाब जल और 1 चम्मच बादाम का तेल मिक्स कर लें। इस मिश्रण को हफ्ते में 3 बार चेहरे के दाग-धब्बों पर लगाएं। जल्द ही आपको फर्क नजर आएगा।

### मुहांसे की समस्या होती है दूर

चावल के आटे में ऑयल अब्सोर्बिंग प्रॉपर्टीज होती हैं। ज्यादा ऑयल चेहरे पर कील-मुंहासों को बढ़ाते हैं। इसलिए ऑयली स्किन वाले लोग चावल के आटे का इस्तेमाल कर सकते है। इसको बनाने के लिए दो चम्मच चावल के आटे में गुलाबजल मिलाएं।इसका एक गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें। इस पेस्ट को चेहरे पर 15-20 मिनट तक लगा रहने दें। फिर नॉर्मल पानी से चेहरे को धो लें।

### ग्लो पाने के लिए

चेहरे के चमक बढ़ाने के लिए आप चावल के आटे का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसको बनाने के लिए 1 चम्मच चावल का आटा, चंदन पाउडर और दही का एक पेस्ट तैयार कर लें। अब इस पेस्ट को चेहरे पर 15 मिनट के लिए लगा रहने दें। इस पैक का इस्तेमाल आप हफ्ते में 2 बार कर सकती हैं। ध्यान रखें, चावल का आटा फेस पर लगाने से पहले पैच टेस्ट अवश्य करें।

# हाई ब्लड प्रेशर रोगी रोज खाएं यह ड्राई फ्रूट्स, कंट्रोल रहेगी बीपी

ड्राई फ्रूट्स का सेवन संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है। ड्राई फ्रूट्स में हेल्दी फैट्स के साथ ही ओमेगा-3 फैटी एसिड, पोटैशियम, मैग्नीशियम, डाइट्री फाइबर, कैल्शियम, कॉपर, आयरन, विटामिन ए, सी, ई, के जैसे जरूरी पोषक तत्वों से भी भरपूर होते हैं। इसके अलाव इनमें एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइटोन्यूट्रिएंट्स भी अच्छी मात्रा में होते हैं। जिससे यह न सिर्फ शरीर को जरूरी पोषण प्रदान करने में मदद करते हैं, बल्कि कई सेहत को कई लाभ प्रदान करने के साथ ही कई गंभीर बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद करते हैं।

**सूखे आलूबुखारा :** आलूबुखारा में पोटेशियम प्रचुर मात्रा में मौजूद होता है। जिससे यह ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखने में बहुत लाभकारी है। आप रात भर भीगे हुए सूखे आलूबुखारे का सुबह सेवन कर सकते हैं। आप ब्रेकफास्ट या सुबह खाली पेट दूध के साथ सूखे आलूबुखारा का सेवन कर सकते हैं।

**सूखे अंजीर :** सूखे अंजीर में डाइट्री फाइबर, मैग्नीशियम, पोटैशियम की भरपूर मात्रा होती है। जिससे यह ब्लड प्रेशर रोगियों के लिए बहुत लाभकारी है।



**काजू :** काजू खाने से खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने और अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में मदद मिलती है। साथ ही इसमें सोडियम का स्तर कम होता है और पोटेशियम की अच्छी मात्रा में मौजूद होते है। जिससे हाई बीपी को कंट्रोल करने में फायदेमंद है।

**बादाम :** बादाम में अल्फा टोकोफेरोल नामक यौगिक मौजूद होते हैं, जिन्हें शरीर में ब्लड प्रेशर के सामान्य स्तर को बनाए रखने के लिए जाना जाता है। इसके अलावा ये हेल्दी फैट्स और विटामिन ई का बेहतरीन स्रोत हैं। इसलिए हाई ब्लड प्रेशर रोगियों के लिए बादाम का सेवन बहुत लाभकारी है। आप 7-8 रातभर भीगे हुए बादाम का सेवन कर सकते हैं।

# गिलोय का सेवन करने के मिलते है यह खास फायदे

आयुर्वेद में गिलोय का अमृता कहा जाता है और सदियों से इसका इस्तेमाल बुखार, सर्दी-खांसी आदि को ठीक करने के लिए किया जा रहा है। जहां तक आम लोगों के बीच गिलोय की लोकप्रियता की बात है तो कोरोना ने इसे घर-घर में पॉप्युलर बना दिया है और अब इम्यूनिटी बूस्ट करने के लिए लोग गिलोय के काढ़े से लेकर, जूस और गोलियों तक का सेवन कर रहे हैं। आयुर्वेद के जानकारों के अनुसार, पान के पत्ते की तरह दिखने वाले गिलोय की पत्तियों में कैल्शियम, प्रोटीन, फॉस्फोरस भरपूर मात्रा में होता है। जबकि इसके तने में स्टार्च की अधिकता होती है। आयुर्वेद एक्सपर्ट्स के अनुसार, गिलोय रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ ही कई बीमारियों से भी बचाव करता है।

**बीमारियों से लड़ने की शक्ति बढ़ाता है :** अमृता यानी गिलोय रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए जाना जाता है, तभी तो कोरोना काल में गिलोय की मांग बहुत अधिक बढ़ गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक, यह वायरस से होने वाली बीमारियों से शरीर को बचाता है और सर्दी-जुकाम से बचाने में भी कारगर है क्योंकि इसकी तासीर बहुत गर्म होती है। बुखार में भी इसके सेवन की सलाह दी जाती है।

**ब्लड प्लेटलेट्स बढ़ाता है :** डेंगू होने पर ब्लड प्लेटलेट्स तेज़ी से कम होने लगते हैं ऐसे में आयुर्वेद विशेषज्ञ मरीजों को गिलोय के सेवन की सलाह देते हैं, क्योंकि इससे प्लेटलेट्स तेजी से बढ़ने लगते हैं। गिलोय के हरे तने को काटकर अच्छी तरह साफ करने के बाद इसे पानी में करीब आधे घंटे तक उबाला जाता है और जब पानी का रंग हरा हो जाए तो इस पानी को छानकर मरीज को दें। दरअसल, गिलोय में एंटीपायरेटिक तत्व होता है जो डेंगू के मरीजों के लिए बहुत फायदेमंद है और इससे इम्यूनिटी भी बढ़ती है जिससे मरीज जल्दी ठीक हो जाता है।



**जॉन्डिस में फायदेमंद :** गिलोय न सिर्फ बुखार और सर्दी-खांसी, बल्कि जॉन्डिस यानी पीलिया के मरीजों के लिए भी बहुत फायदेमंद है। आयुर्वेद के जानकारों का मानना है कि गिलोय के पत्तों का रस पीने से पीलिया के मरीज़ों को आराम मिलया है और इसकी वजह से होने वाला बुखार और दर्द भी कम होता है।

**पाचन को दुरुस्त रखता है :** यदि आप अक्सर पेट से जुड़ी बीमारियों से परेशान रहते हैं, तो गिलोय का सेवन आपके लिए फायदेमंद हो सकता है, क्योंकि इसके नियमित सेवन से कब्ज और गैस जैसी समस्याओं से राहत मिलती है और पाचन तंत्र ठीक तरह से काम करता है।

**एनीमिया में फायदेमंद :** आयुर्वेद विशेषज्ञों के मुताबिक, जिन लोगों को खून की कमी होती है उन्हें भी गिलोय का सेवन करना चाहिए, क्योंकि गिलोय में ग्लूकोसाइड और टीनोस्पोरिन, पामेरिन और टीनोस्पोरिक एसिड की मात्रा अधिक होती है जो शरीर में खून की कमी दूर करने में मददगार है।

**गिलोय का सेवन किसे नहीं करना चाहिए :** इस बात में कोई दो राय नहीं है कि गिलोय बहुत फायदेमंद है, लेकिन हर चीज़ की तरह इसके भी कुछ साइड इफेक्ट हो सकते हैं। इसलिए कुछ लोगों को विशेष परिस्थितियों में इसका सेवन नहीं करना चाहिए। दरअसल, इसकी तासीर बहुत गर्म होती है इसलिए प्रेग्नेंट महिलाओं को भूल से भी गिलोय का सेवन नहीं करना चाहिए र न ही 5 साल से कम उम्र के बच्चों को गिलोय देना चाहिए। इसके अलावा जिन लोगों को ब्लड शुगर लेवल कम रहता है, उन्हें भी इसके सेवन से बचना चाहिए, क्योंकि गिलोय ब्लड शुगर लेवल को और कम कर सकता है। जिन लोगों का पाचन कमजोर है उन्हें भी गिलोय के सेवन से बचने की जरूरत है।

**कितनी मात्रा में इसका सेवन करना सही है :** गिलोय की कितनी मात्रा सुरक्षित होती है यह सेवन करने वाले की उम्र स्वास्थ्य स्थितियों पर निर्भर करती है। इसकी सही मात्रा की जानकारी के लिए आयुर्वेद विशेषज्ञों से सलाह लें और उनके निर्देशानुसार है इसकी खुराक लें।

## कार्यशाला आज

सपना शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** भाजपा जिला कार्यालय में संगठन समन्वयक की विशेष कार्यशाला 7 जनवरी बुधवार को होगी। कार्यशाला में प्रदेश उपाध्यक्ष, संगठन के संभाग समन्वयक व पूर्व मंत्री सुरेंद्रपाल सिंह टीटी मुख्य वक्ता होंगे व अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ करेंगे। जिला महामंत्री राजेश रोलन ने बताया कि कार्यशाला सुबह 10:30 बजे होगी, जिसमें भाजपा पदाधिकारी, सभी जनप्रतिनिधि, सभी मोर्चों के पदाधिकारी, मंडलों के अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्ता भाग लेंगे।

## डायरेक्ट एजेंट हेतु साक्षात्कार 28 को

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** डाकघर अधीक्षक, चूरू द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा के डायरेक्ट एजेंट नियुक्त किए जाने हेतु कमीशन आधारित एजेंट का कार्य करने के इच्छुक आवेदक 28 जनवरी, 2026 को सवेरे 11 बजे तक कार्यालय अधीक्षक डाकघर, चूरू (मुख्य डाकघर परिसर, चूरू) में साक्षात्कार हेतु अपने बायोडाटा, उम्र एवं शिक्षा सम्बंधी दस्तावेज एवं अनुभव आदि दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते हैं। डाकघर अधीक्षक ने बताया कि आवेदन के लिए आयु 18 से 50 वर्ष तथा शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास होना अनिवार्य है। आवेदक बेरोजगार/स्वरोजगार, युवा, पूर्व बीमा सलाहकार, पूर्व बीमा अभिकर्ता, भूतपूर्व सैनिक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला मण्डल कार्यकर्ता, सेवानिवृत अध्यापक एवं वह व्यक्ति जिसे डाकघर अधीक्षक द्वारा योग्य समझा जाए आदि श्रेणियां निर्धारित हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक आवेदक को साक्षात्कार में दिए गए समय व तारीख को आवेदन फॉर्म व आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा। इसी के साथ 5000 रुपए की सुरक्षा राशि एनएससी/केवीपी के रूप में भारत के राष्ट्रपति के नाम सुरक्षित रखनी होगी। चयनित अभ्यर्थियों को 03 दिवस की इन हाउस ट्रेनिंग व 03 दिवस की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी जाएगी, जिसमें उपस्थिति अनिवार्य होगी। 6 दिवस की ट्रेनिंग के पूर्ण होने के पश्चात 03 वर्ष के भीतर लाइसेंसियेट परीक्षा पास करना अनिवार्य होगा।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विराट पथ संचलन 11 जनवरी को

निसं

**चिड़ावा (नवयत्न)।** शहर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से 11 जनवरी को विराट पथ संचलन का आयोजन किया जाएगा। संघ की शक्ति और अनुशासन के प्रतीक इस आयोजन को लेकर स्वयंसेवकों द्वारा व्यापक स्तर पर कार्य योजना तैयार की जा रही है। जानकारी के अनुसार इस पथ संचलन का आगाज शहर के स्टेशन रोड स्थित डालमिया खेलकूद मैदान से होगा। संचलन शुरू होने से पहले मैदान में संघ के रीति-नीति के अनुसार पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों द्वारा बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके पश्चात कदम से कदम मिलाते हुए स्वयंसेवक बैंड की धुन पर शहर के मुख्य मार्गों की ओर प्रस्थान करेंगे। यह पथ संचलन डालमिया मैदान से रवाना होकर शहर के विभिन्न व्यस्ततम मार्गों और प्रमुख बाजारों से होकर गुजरेगा। इस दौरान अनुशासन और एकता का दृश्य देखने को मिलेगा। संचलन को लेकर शहरवासियों में भी उत्साह देखा जा रहा है। विभिन्न व्यापारिक मंडलों और दुकानदारों द्वारा अपने प्रतिष्ठानों के बाहर से पुष्प वर्षा की जाएगी। नागरिकों द्वारा जगह-जगह स्वागत द्वार लगाकर और भारत माता के जयघोष के साथ स्वयंसेवकों का उत्साहवर्द्धन किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थानीय पदाधिकारियों का कहना है कि पथ संचलन का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करना है।

## धार्मिक तीर्थ यात्रा पर भेजने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाला गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** सुभाष चौक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए धार्मिक तीर्थ यात्रा पर भेजने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच के अनुसार आरोपी पर फर्जी हवाई टिकट देकर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करन शर्मा ने बताया कि सुभाष चौक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उमराह धार्मिक तीर्थ यात्रा पर भेजने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले मोईनुद्दीन जुबैर भाटी 28 निवासी ख्वास जी का रास्ता सुभाष चौक जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित ने स्थानीय इलाके में ई-मित्र की दुकान खोल रखी थी और उसी की आड़ में लोगों को धार्मिक यात्रा के टिकट उपलब्ध कराने का झांसा देता था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी ने करीब 35 से 40 लाख रुपए तक की राशि लोगों से वसूल की। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और अन्य पीड़ितों व संभावित सहयोगियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। थानाधिकारी कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि 2 जनवरी को पीड़ित शाहनवाज निवासी रामगंज जयपुर सहित 8-9 अन्य व्यक्तियों ने थाने में मामला दर्ज कराया था कि मोईन और मुब्बशीर निवासी ख्वाजा जी का रास्ता ने स्वयं को अधिकृत ट्रेवल एजेंट और टिकट बुकिंग सेवा प्रदाता बता कर उमराह यात्रा के इच्छुक लोगों से नकद, बैंक ट्रांसफर और ऑनलाइन माध्यम से बड़ी रकम वसूल की। आरोपियों ने उन्हे उमराह यात्रा के लिए फर्जी हवाई टिकट उपलब्ध कराए, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ। इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम का गठन कार्रवाई करते हुए आरोपी मोईनुद्दीन जुबैर भाटी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# जिला कलेक्टर को सौंपा झुंझुनू रेलवे स्टेशन को जंक्शन बनाने का मांग पत्र

बाबूलाल शर्मा



**झुंझुनू (नवयत्न)।** शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति के झुंझुनू मांगे रेलवे जंक्शन जन संघर्ष अभियान के अन्तर्गत मंगलवार को समिति अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल के नेतृत्व में समिति के महासचिव डॉ. मनोज सिंह, झुंझुनू लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र सिंह शेखावत एवं समाजसेवी फैयाज अहमद खान नूआं के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर डॉक्टर अरुण गर्ग को उनका स्वयं का एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर झुंझुनू रेलवे स्टेशन को जंक्शन बनाने की मांग की। समिति ने ज्ञापन में झुंझुनू रेलवे स्टेशन से बिसाऊ, मण्ड्रेला, पिलानी, सादुलपुर, मंडावा, फतेहपुर शेखावाटी, रतनगढ़, सालासर, चनाना, जसरापुर, खेतड़ी, निजामपुर, गुढ़ा, उदयपुरवाटी, नीमकाथाना, शाकम्भरी एवं लोहार्गल आदि स्थानों तक नई रेल लाइनें बिछाकर झुंझुनू को रेलवे जंक्शन बनाने की मांग के साथ ही झुंझुनू से होकर अहमदाबाद, सूरत, पुणे, मुंबई, कोलकाता, गोवाहाटी, दिल्ली, हरिद्वार, श्रीमाता वैष्णों देवी कटरा, उदयपुर सिटी एवं श्रीगंगानगर के लिए नई रेल सेवाएं संचालित करने की मांग की है।

## जिला ओलंपिक संघ बीकानेर की कार्यकारिणी बैठक संपन्न

**नोखा (नवयत्न)।** जिला ओलंपिक संघ, बीकानेर की कार्यकारिणी की बैठक संघ के अध्यक्ष सीए सुधीश शर्मा के कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में संघ के लगभग सभी कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य एजेंडा संघ की वार्षिक आम सभा की तिथि निर्धारित करना तथा राजस्थान राज्य ओलंपिक संघ के मार्गदर्शन के अनुरूप संविधान को अंगीकार किए जाने पर विचार-विमर्श करना रहा। बैठक अत्यंत सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से वार्षिक आम सभा की तिथि 30 जनवरी 2026 निर्धारित की गई। बैठक के दौरान बीकानेर में खेलों के समग्र विकास, खिलाड़ियों के हित एवं संघ के सुदृढ़ एवं पारदर्शी प्रशासन हेतु प्रस्तावित संविधान पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी सदस्यों ने बेहतर प्रशासन और खेल गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाने हेतु अपने.अपने सुझाव प्रस्तुत किए। यह बैठक कमल कल्ला, अध्यक्ष सी, सुधीश शर्मा तथा महासचिव मानक चंद व्यास की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों में दिलकांत माचरा, अनिल जोशी, विजेंद्र रांगा, मंगल चंद रांगा, भंवर सिंह कंधाल, जगन पूनिया, शशांक शेखर जोशी, नारायण दास, सुभाष मिश्र एवं प्रदीप सिंह शामिल रहे। बैठक में विभिन्न खेल संघों के प्रमुखों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही तथा सभी ने खेलों के कल्याण एवं खिलाड़ियों के हित में मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक के अंत में अनिल जोशी ने सभी उपस्थित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## शनि के घर में बुध का प्रवेश, तीन राशियों के लिए होगा शुभ

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** बुध ग्रह 17 जनवरी 2026 शनिवार को मकर राशि में प्रवेश करेगा। बुध ग्रह का यह गोचर प्रात 10 बजकर 27 मिनट पर होगा। बुध गोचर से राशियों की बातचीत की शैली पर प्रभाव होगा। इसके साथ ही आपको मेहनत का फल मिलेगा। करियर और कारोबार में तरक्की होगी। इस ग्रह गोचर से तीन राशियों के लिए अत्यंत शुभ रहेगा और तीन राशियों के जातक के करियर और कारोबार में चार चांद लग जाएंगे।

**मेष राशि :** बुध का गोचर मेष राशि वालों के लिए शुभ होगा। बुध ग्रह मेष राशि के कर्म भाव में गोचर करेंगे इससे व्यापार और कारोबार में लाभ होगा। नौकरी पेशा लोगों को सफलता मिलेगी। आपके जीवन में सकारात्मक बदलाव होंगे। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी, कोई नया काम शुरू करने के लिए समय अच्छा रहेगा।

**वृषभ राशि :** वृषभ राशि के लोगों के लिए बुध का गोचर बहुत ही अच्छा होगा। वृषभ राशि के भाग्य स्थान में बुध का गोचर होगा। इससे भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपके लिए समय अच्छा होगा और पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। संपत्ति से जुड़े मामलों में आपको फायदा मिलेगा, आप धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं।

**मीन राशि :** बुध ग्रह का मकर में गोचर मीन वालों के लिए अच्छा होगा। इससे आपकी कमाई बढ़ेगी और करियर-कारोबार में तरक्की मिलेगी। आपकी आय में जबरदस्त बढ़ोत्तरी होगी। करियर और पढ़ाई के लिए समय अच्छा होगा। आपको निवेश से लाभ मिलेगा।

## पुलिस दिवस का आयोजन 16 अप्रैल को

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान पुलिस द्वारा पुलिस दिवस 2026 का आयोजन 16 अप्रैल 2026 को राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर सहित समस्त रेंज एवं जिला मुख्यालयों पर किया जाएगा। कार्यक्रमों की श्रृंखला 15 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होगी। पुलिस दिवस के सफल एवं व्यवस्थित आयोजन के लिए विभिन्न समन्वय एवं आयोजन समितियों का गठन किया गया है। जो परेड, सेमिनार, सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्विज प्रतियोगिता, बैंड प्रदर्शन, प्रचार-प्रसार एवं अतिथि प्रबंधन सहित सभी गतिविधियों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करेंगी। इस मौके पर राजस्थान पुलिस अनुशासन, सेवा और जन सुरक्षा के प्रति अपने अडिग संकल्प के साथ पुलिस दिवस का आयोजन कर पुलिस बल के योगदान को सम्मानित करेगी।

## गुरुकृपा शिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय खिलाड़ी गुनगुन सैनी सम्मानित



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू (नवयत्न)।** राजस्थान की महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी गुनगुन सैनी के मध्यप्रदेश में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेकर लौटने पर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। गुनगुन सैनी रेखावाली ढ़ाणी निवासी हैं तथा वे कासिमपुरा ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच मदनलाल सैनी की पौत्री हैं। मोतीसिंह की ढ़ाणी स्थित गुरुकृपा शिक्षण संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी गुनगुन सैनी को पार्षद प्रदीप कुमार सैनी एवं संस्थान के संरक्षक सीताराम सतरावला द्वारा मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा खेलों के महत्व को लेकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में गुनगुन सैनी ने कहा कि जिस तरह पढ़ाई में रुचि रखते हैं, उसी तरह खेलों में भी रुचि विकसित करनी चाहिए। इससे मानसिक विकास तेजी से होता है और व्यक्तित्व निखरता है। गुरुकृपा शिक्षण संस्थान के संचालक राजेश सैनी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक गुनगुन सैनी का फूल.मालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में युवा अनिल सैनी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## प्रिंस में एसटीएसई राजस्थान टॉपर्स को 1-1 लाख का नकद पुरस्कार



सपना शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** बोर्ड ऑफ सेके. डरी एजुकेशन राजस्थान, अजमेर द्वारा घोषित स्टेट टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन रिजल्ट-2025 में सीकर स्थित प्रिंस, जुहब से चयनित 278 प्रतिभाओं के सम्मान में जयपुर-बीकानेर बाईपास स्थित प्रिंस एकेडमी में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में ऑल बोर्ड टॉप-20 में राज्य स्तर पर प्रथम रैंक हासिल करने वाली तविशा सिंह व अनिता को 1-1 लाख का नकद पुरस्कार दिया गया। इसी प्रकार द्वितीय रैंक हासिल गौरव, दिव्या, अदिति शर्मा, प्रीति व प्रिंस टेलर को 51-51 हजार नकद, तृतीय रैंक हासिल अभिनव शेवरान, अदिति पारीक, हेमंत जाखड़, हर्षित अग्रवाल व यश अग्रवाल को 31-31 हजार नकद, चतुर्थ रैंक दिव्यांशी सिंह, दीपक कुमार, ओनिश बाटू, पूजा चौधरी व भाविक जैन को 21-21 हजार नकद एवं पांचवीं रैंक हासिल तान्या व शिवम कुमावत को 11-11 हजार का नकद पुरस्कार दिया गया। अन्य चयनित प्रतिभाओं को अवॉर्ड किट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रिंस, जुहब निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, प्रबंध निदेशक एम. आर. अग्रवालए मनोज ढ़ाका, प्रिंसिपल पूनम चौहान, प्रोमिला यादव, शिप्पी सुण्डा, निरुपम सुण्डा आदि ने चयनित विद्यार्थियों का माल्यार्पणए साफा पहनाकर, नकद पुरस्कार, बैग, दीवार घड़ी, अम्ब्रेला व डायरी देकर तथा अभिभावकों का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। राजस्थान बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं ऑल बोर्ड टॉप-20 लिस्ट में प्रिंस के 38 विद्यार्थी एवं राजस्थान बोर्ड टॉप-20 लिस्ट में 20 विद्यार्थी चयनित हुए हैं। कक्षा एवं संकायवार घोषित ऑल बोर्ड 80 टॉपर्स की सूची में 38 विद्यार्थी अकेले प्रिंस एजुहब से चयनित हुए हैं।

इसी प्रकार प्रदेश भर से 10वीं व 12वीं में कुल चयनित 967 विद्यार्थियों में से रिकॉर्ड 278 विद्यार्थी अकेले प्रिंस, जुहब से चयनित हुए हैं।

## राज्य स्तरीय पुलिस सम्मेलन कल

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिवर्ष प्रधानमंत्री के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाली डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस के अनुक्रम में इस बार राज्य स्तर पर राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में मुख्यमंत्री राजस्थान भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में 8 व 9 जनवरी को डीजी-आईजी सम्मेलन आयोजित होगा। दो दिवसीय राज्य स्तरीय पुलिस सम्मेलन का यह आयोजन राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में आईआईएम छत्तीसगढ़ रायपुर में आयोजित 60 वें राष्ट्र स्तरीय डीजी-आईजी पुलिस सम्मेलन के परिणाम व सिफारिशों के क्रम में आयोजित होगा। जिसमें सभी जिलों के एसपीएसभी रेंज आईजी जयपुर मुख्यालय पर पदस्थापित सभी वरिष्ठ अधिकारी इसमें प्रतिभागी होंगे। दो दिन तक चलने वाले इस सम्मेलन में विभिन्न सत्रों में महत्वपूर्ण विषयों पर राष्ट्रीय स्तर के जाने-माने विषय विशेषज्ञ व्याख्यान देंगेए चिंतन मनन करेंगे तथा पुलिस व्यवस्था के महत्त्वपूर्ण विषय व विकसित भारत में पुलिसिंग के विषयों पर मंथन होगा।

## प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचने वाला युवक गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** गलता गेट पुलिस ने जनहानि का कारण बन रहे प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री और उपयोग पर रोक लगाने के लिए कार्रवाई करते हुए चाइनीज मांझा बेचने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने चाइनीज मांझे के पांच गट्टे बरामद कर जब्त किए गए हैं। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करन शर्मा ने बताया कि खतरनाक और जनहानि कारित करने वाले मांझे के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इस संबंध में निषेधाज्ञा जारी कर आमजन को सचेत किया गया था। इसके चलते गलता गेट थाना क्षेत्र में खतरनाक प्लास्टिक युक्त चाइनीज मांझे की बिक्री और उपयोग से मानव जीवन, पशु-पक्षियों को होने वाले नुकसान को लेकर सतत निगरानी रखी जा रही थी। इसी दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आकिब खान उर्फ काणा 23 निवासी चार दरवाजा बाहर गलता गेट जयपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चाइनीज मांझे के पांच गट्टे बरामद कर जब्त किए गए हैं। थानाधिकारी धर्म सिंह ने बताया कि आमजन की सुरक्षा को देखते हुए चाइनीज मांझे के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और इस तरह के खतरनाक कृत्यों में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## 15 जनवरी तक ऑनलाईन भरें राज्य बीमा पॉलिसियों के स्वत्व प्रपत्र

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग ने आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 में सेवानिवृत होने वाले राज्यकर्मियों के हित में राज्य बीमा पॉलिसियों के भुगतान को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

सहायक निदेशक गणपत राम चौधरी ने बताया कि 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 के मध्य सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिक जिनकी जन्म दिनांक 01 अप्रैल 1966 से 31 मार्च 1967 है उनकी राज्य बीमा पॉलिसी आगामी 01 अप्रैल 2026 को परिपक्व होगी। उन्होंने बताया कि दावों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित कार्मिकों को अपनी अंतिम प्रीमियम कटौती दिसम्बर 2025 के वेतन तक करवानी होगी। इसके पश्चात परिपक्वता स्वत्व दावा प्रपत्र को आवश्यक दस्तावेजों सहित अपनी एसएसओ आईडी से न्यू एसआईपीएफ पोर्टल पर 01 जनवरी से 15 जनवरी, 2026 तक आवश्यक रूप से दावा ऑनलाईन सबमिट करना होगा।

समय पर आवेदन मिलने पर दावा राशि सीधे कार्मिकों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि दावा प्रपत्र प्रस्तुत करते समय कार्मिकों को परिपक्वता स्वत्व दावा प्रपत्र के साथ बीमा रिकॉर्ड बुक, मूल बीमा पॉलिसी, पदस्थापन विवरण, परिशिष्ट क एवं आईएफएमएस/पे मैनेजर वाली बैंक पास बुक या निरस्त चैक की प्रति आवश्यक रूप से अपलोड करनी होगी। सहायक निदेशक गणपत राम चौधरी ने बताया कि चिकित्सा अधिकारियों व पॉलिसी विस्तार के लिए विशेष प्रावधान विज्ञप्ति में यह भी स्पष्ट किया जा रहा है कि राज्य सरकार के जिन चिकित्सा अधिकारियों की सेवानिवृति आयु 60 से बढ़ाकर 62 अथवा 65 वर्ष कर दी गई है उनकी पॉलिसी की परिपक्वता तिथि स्वत: ही तदनुसार परिवर्तित हो जाएगी।

इसके अतिरिक्त यदि कोई बीमेदार बीमा नियम, 1998 के नियम 39/2 (1) के तहत अपनी पॉलिसी को एक वर्ष निरंतर जारी रखना चाहता है तो उसे अपनी एसएसओ आईडी पर एक्सटेन्डेड पॉलिसी विकल्प सबमिट करते हुए आहरण एवं वितरण अधिकारी के माध्यम से विकल्प पत्र भरकर बीमा विभाग में भिजवाना होगा।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 12 को

निसं

**मुकुंदगढ़ (नवयत्न)।** कस्बे के वार्ड नं. 12, लाल कुआं के पास स्वामी विवेकानंद सेवा संघ के तत्वावधान में 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक खंड कार्यवाह जयप्रकाश कुमावत ने बताया कि स्वामी विवेकानंद के जन्मोत्सव युवा दिवस पर तृतीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन श्रीलाल कुआं गणेश पूजा स्थल पर किया जाएगा।

12 जनवरी को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा मकर संक्रांति उत्सव भी मनाया जाएगा।

# धरनास्थल पर पहुंचे मण्डल अध्यक्ष, जानी भाजपा पार्षदों की समस्याए

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय नगरपरिषद कार्यालय के बाहर भाजपा पार्षदों द्वारा सभापति के खिलाफ दि, जा रहे अनिश्चितकालीन धरने पर बुधवार को भाजपा के मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया पहुंचे। विनय माटोलिया ने पार्टी के कार्यकर्ताओं और पार्षदों से बात की और उनकी समस्याओं को सुना और मांगों के बारे में जानकारी ली। पार्षदों ने मंडल अध्यक्ष को बताया कि सभापति ने शहर के करीब साढ़े सात करोड़ रुपए के विकास कार्यों से संबंधित टेंडर फाइलें रोक रखी हैं। जनता के काम रोके गए हैं और नगरपरिषद के एक अधिकारी पर भी भाजपा पार्षदों के साथ भेदभाव के आरोप लगाए हैं। जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं हो जातीं तब तक धरना जारी रहेगा। इस पर मंडल अध्यक्ष माटोलिया ने भाजपा के पार्षदों से कहा कि कांग्रेस की सदैव भेदभाव की नीति रही है और सभापति ने आपके वार्डो के कामो को रोक कर शहर की जनता के विकास कार्यो को रोकने का कार्य किया है। अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि शीर्ष नेतृत्व तक उनकी बात पहुंचाई जाएगी। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता मनीष दाधीच, मंडल महामंत्री प्रकाश भार्गव व गौरव इंदौरिया, पार्षद रेवंतमल पंवार, गणेश मंडावरिया, पंकज घासोलिया, पुरुषोत्तम शर्मा, हरिओम खोड़, नरेंद्र प्रजापत, नरेंद्र गुर्जर, प्रेमप्रकाश स्वामी, रवींद्र पांडे, बसंत दाधीच, अमित मौसूण, प्रदेश वाल्मीकि, पन्नालाल सोनी, प्रियांशु लड़, बलराम सोनी, राजकुमार तंवर सहित कई भाजपा पार्षद और कार्यकर्ता मौजूद थे। दूसरी ओर भाजपा नेता नरेंद्र गुर्जर ने कहा है कि अगर मांगे नहीं मानी जाती हैं, तो बुधवार से मैं भूख हड़ताल पर बैठूंगा। वहीं कांग्रेस की ओर से पार्षद इकबाल खान कायमखानी ने धरना दे रहे लोगों पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि धरना देना और सभापति पर आरोप लगाना इनकी पुरानी आदत है। कायमखानी ने कहा कि भाजपा के नेताओं में आपस की फुट है। क्योंकि न तो पूरे पार्षद धरने पर पहुंच रहे हैं और न ही इनके नेता प्रतिपक्ष और उप नेता। इससे साफ जाहिर होता है कि भाजपा के पार्षद आपसी फुट के कारण और आने वाले चुनावों में क्रेडिट लेने की होड़ में धरना दे रहे हैं। जबकि हकीकत ये है कि जो भी पार्षद बैठे हैं, इन सबके वार्डों में पिछले 6 महीनों में ही काम हुए हैं। कायमखानी ने कहा कि भाजपा के पार्षद एक दूसरे के कामों को रोकने में रूचि रखते हैं और अब एक दूसरे को नीचा दिखाने की होड़ के तहत धरना दे रहे हैं। जबकि सभापति ने सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाए हैं। उन्होंने बताया कि अगर कोई टेंडर अटके हुए हैं, तो प्रदेश में भाजपा की सरकार है, टेंडर रोकने वाले अधिकारियों को रवाना क्यों नहीं करते, टेंडर करने का काम अधिकारियों का है। जनप्रतिनिधियों का इसमें कोई हस्क्षेप नहीं है। उन्होंने कहा कि लोहिया स्टेडियम में भर्ती का कार्य चल रहा है, इससे पूरे शहर के लोगों का फायदा होगा। क्योंकि सभापति ने कभी कांग्रेस भाजपा के नाम पर भेदभाव नहीं किया।



# साल की शुरूआत में भारत की इन हसीन जगहों पर बर्फबारी का लुत्फ उठाने आप भी पहुंचें

बर्फबारी देखना और बर्फबारी के बीच घूमना लगभग हर किसी को पसंद होता है। इसलिए कई लोग बर्फबारी का हसीन लुत्फ उठाने के लिए देश के अलग-अलग हिस्सों में पहुंचते रहते हैं। हिमाचल से लेकर उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर से लेकर अरुणाचल प्रदेश की कुछ जगहों पर बर्फबारी का अद्भुत नजारा देखने को मिलता है। इसलिए इन जगहों पर बर्फबारी के सीजन में हर दिन हजारों देशी और विदेशी सैलानी घूमने के लिए पहुंचते हैं।

## कुफरी, हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी का लुत्फ उठाना होता है, तो कई लोग कुल्लू-मनाली, शिमला या डलहौजी जैसी चर्चित जगहों का ही नाम लेते हैं, लेकिन अगर आप नवंबर के महीने में ही हसीन बर्फबारी का लुत्फ उठाना चाहते हैं, तो फिर आपको कुफरी पहुंच जाना चाहिए। समुद्र तल से करीब 9 हजार मीटर की ऊंचाई पर मौजूद कुफरी जन्नत से कम नहीं है। कई बार सितंबर के महीने में भी यहां बर्फबारी देखी जाती है। नवंबर के महीने में भी यहां बर्फबारी का लुत्फ उठा सकते हैं। कुफरी में एडवेंचर एक्टिविटी का लुत्फ उठाने के साथ-साथ सेब के बागानों के बीच भी घूम सकते हैं। आपको बता दें कि कुफरी शिमला से करीब 15 किमी की दूरी पर मौजूद है।

## औली

उत्तराखंड में घूमने की बात होती है, तो कई पर्यटक सबसे पहले नैनीताल, मसूरी, अल्मोड़ा या मुनस्यारी जैसी चर्चित जगहों पर भी घूमने के लिए पहुंचते हैं, लेकिन अगर आप नवंबर में उत्तराखंड घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो फिर आपको औली पहुंच जाना चाहिए। समुद्र तल से करीब 3 हजार मीटर की ऊंचाई पर मौजूद औली में हसीन बर्फबारी का भी लुत्फ उठा सकते हैं। नवंबर के महीने में यहां बर्फबारी भी होती रहती है। इसलिए यहां नवंबर के महीने में कुछ अधिक ही पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। बर्फबारी के समय पहाड़ सफेद



चादर से ढक जाते हैं। घर के मैदान सफेद ही सफेद दिखाई देता है। यहां आप एडवेंचर एक्टिविटीज करने के साथ-साथ यादगार फोटोग्राफी भी कर सकते हैं।

## रोहतांग दर्रा

रोहतांग दर्रा की खूबसूरती सिर्फ हिमाचल प्रदेश या भारत तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसकी खूबसूरती विदेशों में भी है। भारत के सबसे ऊंची जगहों में शामिल रोहतांग दर्रा में सितंबर के महीने से बर्फबारी शुरू हो जाती है। अगर आप हिमालय की गोद में मौजूद किसी हसीन जगह और हसीन बर्फबारी को एक्सप्लोर करना चाहते हैं, तो फिर यहां आपको परिवार, दोस्त या पार्टनर के साथ जरूर पहुंचना चाहिए। कहा जाता है कि रोहतांग दर्रा में मौजूद पहाड़ हर समय बर्फ की चादरों से ढके होते हैं। प्रकृति प्रेमियों के लिए यह जगह जन्नत से कम नहीं है।

## लाचुंग

हसीन और खूबसूरत बर्फबारी सिर्फ हिमाचल प्रदेश या उत्तराखंड से ही नहीं होती है, बल्कि नॉर्थ ईस्ट में भी होती है। जी हां, सिक्किम के लाचुंग में भी नवंबर के महीने में बर्फबारी होती रहती है। लाचुंग बर्फबारी के साथ-साथ हसीन दृश्यों के लिए भी जाना जाता है। हिमालय की गोद में मौजूद लाचुंग नॉर्थ ईस्ट में घूमे जाने वाली सबसे बेहतरीन जगहों में से एक मानी जाती है।

## लद्दाख

बर्फबारी में घूमने की बात हो और लद्दाख का जिक्र न हो, ऐसा बहुत कम ही देखा जाता है। जी हां, अगर आप नवंबर के महीने में बर्फबारी का बेहतरीन लुत्फ उठाना चाहते हैं, तो फिर आपको लद्दाख जरूर पहुंचना चाहिए। कहा जाता है कि कई बार लद्दाख में इतनी बर्फबारी होती है कि 4-5 फीट उंचा पहाड़ बन जाता है। इसलिए लद्दाख को भारत का बेस्ट स्नो डेस्टिनेशन भी माना जाता है। यहां एडवेंचर एक्टिविटीज का भी लुत्फ उठा सकते हैं।





# गुड़गांव की ये जगह कपल्स के लिए हैं बेहद खास


गुड़गांव में कपल को घूमने के लिए कई सारी जगहें मौजूद है। जहां आप अपने पार्टनर के साथ जा सकते हैं। गुड़गांव को साइबर सिटी या टेक्नोलॉजी हब के नाम से भी जाना जाता है। गुड़गांव में लोग कई सारे सपने लेकर आते है। यह जगह नौकरी करने के लिए भी काफी खास है।

### डीएलएफ साइबर हब

डीएलएफ साइबर हब गुड़गांव में है। यहां आपको काफी कुछ देखने को मिलने वाला है। यहां पार्टी के लिए कई सारी जगहें मौजूद है। इसके अलावा यहां शॉपिंग सेंटर भी मौजूद है। अगर आप रोमांटिक डेट पर जाना चाहते हैं तो यह जगह खास साबित हो सकती हैं।

### लेजर वैली पार्क

अगर आप गुड़गांव में पार्क जाने का सोच रहे हैं तो आपको लेजर वैली पार्क जाना चाहिए। दोस्तों और पार्टनर के साथ जाने के लिए आपको लेजर वैली पार्क जरूर जाना चाहिए। गुड़गांव में आप अपनी पार्टनर के



साथ टाइम स्पेंड करना चाहती हैं तो इस पार्क में जाए। लेजर वैली पार्क गुरुग्राम सेक्टर 29 में स्थित है।

**दमदमा झील :** दमदमा झील गुरुग्राम में ही स्थित है। यह जगह अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के लिए जाना जाता है। गुड़गांव के पास घूमने के लिए कपल्स के लिए यह जगह काफी खास है। जहां आप वीकेंड में अपने पार्टनर के साथ जा सकते हैं। दमदामा झील सोहना से 8 किमी दूर स्थित है।

## एंबियंस मॉल

गुरुग्राम का सबसे बड़ा और खूबसूरत मॉल आप अपनी पार्टनर के साथ एंबियंस मॉल भी जा सकती है। एंबियंस मॉल में मूवी हॉल भी है, इसके अलावा यहां आपको फूड कोर्ट भी मिल जाएगा। जहां आप अपने पार्टनर के साथ जा सकते हैं।

## आइस-स्केटिंग का मजा

अगर आप अपनी पार्टनर के साथ बाहर नहीं जा पा रही हैं तो आपको आइस-स्केटिंग का मजा गुरुग्राम में भी उठा सकती है। यह गुरुग्राम के एंबिएंस मॉल में स्थित है। घूमने के लिए इससे बेस्ट जगह आपके लिए कोई नहीं हो सकती।

# शिमला-मनाली को भूलकर भारत में यहां मनाएं अपना हनीमून

अगर आप भी भारत में हनीमून मनाने के लिए कोई खास जगह ढूंढ रहे हैं। लेकिन आपको शिमला मनाली के सिवा कोई ऑप्शन समझ नहीं आ रहा है, तो परेशान मत होइए।

**अलेप्पी :** केरल का अलेप्पी बोट रेस, शानदार समुद्र तट और समुद्री चीजों के लिए जाना जाने वाला सबसे बेस्ट हनीमून प्लेस है। इस जगह की खास बात यह है कि यहां आप हनीमून की रात बोट पर गुजार सकते हैं।

**कैसे पहुंचे :** यहां तक आने के लिए सबसे पहले आपको कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे तक की फ्लाइट लेनी होगी। इसके सिवा आप एलेप्पी रेलवे स्टेशन की टिकट भी बुक कर सकते हैं। यहां 5 से 6 दिन हनीमून के लिए प्रति व्यक्ति खर्चा 10,000 रुपये लगने वाला है। 20 हजार में आराम से यहां के लिए अपना हनीमून प्लान कर सकते हैं। अगर आप बोट हाउस में रहने का प्लान कर रहे हैं, तो खर्चा बढ़ सकता है। अगर आप कुछ घंटे के लिए हाउस बोट का मजा लेना चाहते हैं, तो इसके लिए आपको 5,500 रुपये से 18,000 रुपये देने होगें। अगर आप रात भर रहने का प्लान करते हैं, तो इसका किराया 20,000 रुपये तक है।

**जाने का सबसे अच्छा समय :** अक्टूबर से फरवरी तक का महीना सबसे सही होता है।

**कोवलम :** यहां हनीमून मनाने के बाद आपका बार-बार इस जगह जाने का मन होगा। केरल के कोवलम में आप जब अपने पार्टनर के साथ समुद्र तटों पर सनसेट का नजारा देखेंगे , तो वाकई आप साथ बिताए सुकून भरे पल को कभी नहीं भूल पाएंगे। कपल्स के फेवरेट लिस्ट में इस जगह का नाम जरूर आता है।

**कोवलम में खास चीजें :** यहां आप लाइटहाउस बीच, हवा बीच, समुद्र बीच, आयुर्वेद और कल्याण, सर्फिंग, लकड़ी की नाव की सवारी, खरीदारी और टेस्टी समुद्री भोजन का मजा उठा पाएंगे।

**कैसे पहुंचे :** त्रिवेंद्रम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए आपको फ्लाइट टिकट लेना होगा। अगर आप ट्रेन से ट्रैवल कर रहे हैं, तो त्रिवेंद्रम सेंट्रल रेलवे स्टेशन यहां से 15 किमी की दूरी पर स्थित है।

**समय :** अक्टूबर से फरवरी तक का महीना यहां जाने के लिए बेस्ट होता है। यहां आपको ट्रैवल का खर्चा प्रति व्यक्ति 15000 रुपये तक पड़ जाएगा।

**मुन्नार :** केरल का यह हिल स्टेशन भारत के सबसे बेहतरीन हनीमून स्थानों में से एक है। यह जगह 50 शेड्स ऑफ ग्रीन से डूबा हुआ है। यह पूरी जगह हरे-भरे चाय के बागानों से घिरी हुई है। हरा-भरा मनमोहक दृश्यों आपके प्यार को को और भी ज्यादा मजबूत बनाएगा।

### कैसे पहुंचें

यहां पर आप कोचीन हवाई अड्डे जा सकते हैं। अगर आप ट्रेन से ट्रैवल कर रहे हैं, तो निकटतम रेलवे स्टेशन अलुवा है जो मुन्नार से 110 किमी की दूरी पर स्थित है।

### खर्चा

यहां आपको प्रति व्यक्ति 8,000 रुपये खर्चा होगा। 5 से 6 दिन हनीमून प्लान के लिए अक्टूबर से फरवरी का महीना सबसे अच्छा है।

# माउंट आबू से हटके इस बार राजस्थान के इन हिल स्टेशन्स को करें एक्सप्लोर

नवंबर से उत्तराखंड, हिमाचल की ज्यादातर जगहों पर भयंकर ठंड शुरू हो जाती है। कई जगहों पर तो इस महीने में बर्फबारी भी देखने को मिल सकती है। इतनी ठंड में कई बार घूमना-फिरना भी मुश्किल हो जाता है, लेकिन वहीं भारत में कुछ जगहें ऐसी हैं जहां घूमने का सीज़न ही नवंबर से शुरू होता है इनमें से एक है राजस्थान। साल के ज्यादातर महीने यहां गर्मी पड़ती और वो भी ऐसी कि बाहर निकलना दूभर हो जाता है वो वहीं सर्दियों का मौसम यहां घूमने के एकदम अनुकूल होता है, तो अगर आप नवंबर में कहां जाएं ये सोच रहे हैं, तो राजस्थान का कर सकते हैं प्लान। जयपुर, जैसलमेर, उदयपुर, बीकानेर जैसी कई जगहें हैं यहां एक्सप्लोर करने के लिए। इसके अलावा यहां कुछ हिल स्टेशन्स भी हैं, जिनके बारे में कम ही लोग जानते हैं, तो क्यों न इस बार इन्हें देखने का बनाएं प्लान।



## गुरु शिखर हिल स्टेशन

राजस्थान के इस गुरु शिखर हिल स्टेशन को गुरु की चोटी नाम से भी जाना जाता है। यहां से आप राजस्थान का खूबसूरत नजारा देख सकते हैं। हिल स्टेशन्स पर अकेले आकर भी एन्जॉय किया जाता है और अगर आप भागदौड़ भरी जिंदगी से दूर कुछ पल सुकून से बिताना चाहते है, तो हिल स्टेशन्स बेस्ट होते हैं। ट्रैकिंग के शौकीन हैं, तो यहां आकर इसके भी मजे ले सकते हैं। यहां आकर दत्तात्रेय मंदिर के दर्शन जरूर करें।

## अचलगढ़ हिल स्टेशन

अरावली रेंज में बसा अचलगढ़ हिल राजस्थान के सबसे खूबसूरत हिल स्टेशन्स में से एक है। जो माउंट आबू से करीब 11 किमी की दूरी पर है। चारों ओर हरियाली से घिरा हुआ है अचलगढ़ हिल स्टेशन। यहां आकर आपको नेचर के करीब होने का एहसास होगा। यहां अचलगढ़ किला भी है घूमने के लिए। नेचर लवर हैं, तो यहां मौजूद झीलों और वन्यजीवों को देखने का मौका मिस न करें।

## सज्जनगढ़

राजस्थान की इस जगह आकर भी आप अपनी छुट्टियों को शानदार बना सकते हैं। सज्जनगढ़ पैलेस अपनी नायाब खूबसूरती के लिए देशभर में मशहूर है। जिसे मेवाड़ राजवंश के महाराणा सज्जन सिंह ने बनवाया था। यहां कई सारी झीले हैं, जिनकी खूबसूरती को कैमरे में कैद करने के अलावा आप इसमें बोटिंग का भी मजा ले सकते हैं।

# पोष बड़ा महोत्सव धूमधाम से मनाया



मुहम्मद सादिक

**सीकर ( नवयत्न )।** शहर के घंटाघर क्षेत्र स्थित गुलजार मंजिल के बाहर पारंपरिक पोसबड़ा महोत्सव धूमधाम एवं आस्था के साथ हुआ। इस धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ समारोहपूर्वक भोग लगाकर एवं प्रसाद वितरण के साथ किया। कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि यह उत्सव सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत को बनाए रखने और नई पीढ़ी को इससे जोड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि शहर की सामाजिक एकता व धार्मिक सौहार्द में सोनी समुदाय का एक सकारात्मक भूमिका निभाता है। कार्यक्रम स्थल पर पारंपरिक वातावरण था, जहां सभी उपस्थित लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस धार्मिक आयोजन ने शहर में साम्प्रदायिक सद्भाव का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रसाद के रूप में वितरित करते हैं, जो आपसी भाईचारे व सद्भावना का प्रतीक है। इस अवसर पर राजेंद्र सोनी, मुकेश, सुनील, प्रवीण कुमार, नरेंद्र, पवन सोनी, दिलीप, मुकेश, सोनू, बंटी, मनीष, रूपेश, धीरज, मोनू, रोहित सहित गणमान्य व्यक्ति व बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मीना सोनी भारतीय स्वर्णकार परिवार की राष्ट्रीय सदस्य मनोनीत

बाबूलाल वर्मा



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** समस्त भारतीय स्वर्णकार परिवार के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जगजीवन राम सोनी ने बताया कि संगठन के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सर्वसम्मति से ढ़ीगाल, झुंझुनू निवासी समाज सेविका मीना सोनी पत्नी मदनलाल सोनी को समस्त भारतीय स्वर्णकार परिवार की राष्ट्रीय सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर जगजीवन राम सोनी ने कहा कि सोनी के मनोनयन से संस्था को न केवल आशा बल्कि पूर्ण विश्वास है कि वे अपने अनुभव, समाजसेवा की भावना एवं संगठनात्मक क्षमता के बल पर समाज की एकता को सुदृढ़ करेंगी। साथ ही अधिक से अधिक समाजबंधुओं को संगठन से जोड़कर संस्था को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी। उन्होंने बताया कि सोनी मातृशक्ति को संगठित कर दुर्गा शक्ति महिला मंडल को मजबूती प्रदान करेंगी तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सार्थक एवं प्रभावी कार्य करेंगी। संगठन के विस्तार हेतु तहसील, जिला, प्रदेश स्तर पर पदाधिकारियों की नियुक्ति कर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।

## पीवीटीजी मतदाताओं के लिए क्लस्टर कैंप आयोजित

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा के निर्देशन में मंगलवार को जिले में ट्रांसजेंडर मतदाताओं तथा विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह पीवीटीजी मतदाताओं के लिए कलस्टर कैंप आयोजित किए गए। सीईओ श्वेता कोचर ने बताया कि चूरू जिला मुख्यालय पर देपालसर रोड स्थित झुग्गी बस्ती में विशेष संपर्क अभियान चलाया गया और पात्र लोगों को चिन्हित कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि जिले में क्लस्टर कैंप के दौरान कुल 07 नए मतदाताओं के फॉर्म-6 प्राप्त हुए, जिनमें से बीदासर में 05 तथा तारानगर व सुजानगढ़ से एक-एक फॉर्म प्राप्त हुए।

## रात्रि चौपाल कार्यक्रमों का निर्धारण

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर जनवरी माह में होनी वाली रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई कार्यक्रमों का निर्धारण कर दिया है। उन्होंने बताया कि 7 जनवरी को फतेहपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बीबीपुर छोटा, 14 जनवरी को पिपराली पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मलकेड़ा, 21 जनवरी को लक्ष्मणगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कुमास जाटान, 28 जनवरी 2025 को पलसाना पंचायत समिति की ग्राम पंचायत लाडपुर में रात्रि चौपाल व जनसुनवाई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# सेना दिवस से पूर्व जवाहर कला केंद्र में विशिष्ट सिम्फनी बैंड आयोजन

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** सेना दिवस परेड 2026 के पूर्व आयोजन के रूप में भारतीय सेना की ओर से जवाहर कला केंद्र जयपुर में एक विशेष सिम्फनी बैंड प्रस्तुति का आयोजन किया गया। इस भव्य सांस्कृतिक संध्या में संगीत, परंपरा एवं सैन्य अनुशासन का उत्कृष्ट समन्वय देखने को मिला, जिसने उपस्थित विशिष्ट अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह, आर्मी कमांडर, सप्त शक्ति कमांड तथा बरिंदर जीत कौर, क्षेत्रीय अध्यक्षा, आर्मी वुमेन्स वेलफेयर एसोसिएशन की गरिमामयी उपस्थिति रही। जन संपर्क अधिकारी रक्षा जयपुर राजस्थान ले कर्नल निखिल धवन के अनुसार इस प्रस्तुति में भारतीय सेना के सिम्फनी बैंड की संगीतात्मक उत्कृष्टता एवं समृद्ध विरासत का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया। इस संगीत कार्यक्रम ने देशभक्ति, अनुशासन और सांस्कृतिक गरिमा की भावना को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। यह आयोजन 15 जनवरी 2026 को जयपुर में आयोजित होने वाली सेना दिवस परेड के लिए एक महत्वपूर्ण ष्कर्टन रेजर सिद्ध हुआ। इस संध्या को एक विशिष्ट सांस्कृतिक आयाम प्रदान करते हुए आर्मी वुमेन्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा एक प्रभावशाली प्रेजेंटेशन सेरेमनी भी आयोजित की गई। इस प्रस्तुति ने सैन्य परिवारों की शक्ति, प्रतिभा एवं अडिग मनोबल को उजागर किया तथा राष्ट्र की सशस्त्र सेनाओं के प्रति उनके महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित किया। इस कार्यक्रम के दौरान रोटरी क्लब जयपुर जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी तथा महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल ने आर्मी वुमेन्स वेलफेयर एसोसिएशन को आर्थिक सहायता एवं मोबिलिटी सहायक उपकरण प्रदान कर पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों के कल्याण हेतु महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह पहल समाज के प्रति उत्तरदायित्व और सैनिक परिवारों के प्रति सम्मान की भावना को सशक्त रूप से प्रतिबिंबित करती है। विशेष सिम्फनी बैंड प्रस्तुति को दर्शकों द्वारा व्यापक सराहना मिली और इसने सांस्कृतिक माध्यमों के जरिए जनसंपर्क को सुदृढ़ करने की भारतीय सेना की प्रतिबद्धता को पुनः प्रमाणित किया। साथ ही यह आयोजन सेवाए बलिदान और एकता जैसे मूल्यों के उत्सव का प्रतीक रहा। जवाहर कला केंद्र में आयोजित यह स्मरणीय सांस्कृतिक संध्या आगामी सेना दिवस परेड 2026 के लिए उपयुक्त वातावरण तैयार करने में सफल रही तथा सैन्य परंपरा और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के बीच अद्भुत सामंजस्य को प्रतिबिंबित करती है।

# जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के साथ गूंजेगा बुकमार्क का वैश्विक संवाद

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** दक्षिण एशिया के अग्रणी बीटूबी प्रकाशन मंच जयपुर बुकमार्क जेबीएम का 13 वाँ संस्करण 15 से 19 जनवरी 2026 के बीच जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के साथ आयोजित किया जाएगा। यह मंच भारत और दुनिया भर से प्रकाशकों, लेखकों, अनुवादकों, साहित्यिक एजेंटों, पुस्तकों के विक्रेताओं और प्रकाशन उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों को एक साथ लाता है, ताकि समकालीन प्रकाशन जगत में उभरते रुझानों, अंतरराष्ट्रीय सहयोगों और प्रकाशन.जगत के नये विचारों पर चर्चा की जा सके। आगामी संस्करण के बारे में बोलते हुए जयपुर बुकमार्क की निदेशक, मनीषा चौधरी ने कहा कि जयपुर बुकमार्क 2026 का पूरा कार्यक्रम गहन सोच-विचार के साथ तैयार किया गया है जो प्रकाशन उद्योग की गतिशील और निरंतर विकसित होती प्रकृति को प्रतिबिंबित करता है। उभरते रुझानों और नई कथात्मक विधाओं की पड़ताल से लेकर भारतीय भाषाओं में प्रकाशन का उत्सव मनाने और तकनीक के प्रभाव को समझने तककृइस वर्ष का संस्करण सभी प्रतिभागियों को प्रेरित करने, जानकारी प्रदान करने और सहयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल की सह.संस्थापक एवं सह-निदेशक तथा जयपुर बुकमार्क की निदेशक नमिता गोखले ने कहा कि जयपुर बुकमार्क की स्थापना 2014 में प्रकाशन के मूल्यों का उत्सव मनाने और पुस्तक व्यापार के पेशेवर पहलुओं से संवाद के उद्देश्य से की गई थी। कथाओं और संस्कृति के संरक्षक के रूप में प्रकाशन उद्योग साहित्य तथा विचारों की अभिव्यक्ति और प्रसार की बुनियाद बना हुआ है। हम भाषाओं और मंचों के पार प्रकाशन की दुनिया का एक समुदाय बना रहे हैं, जो नई और पारंपरिक-दोनों तकनीकों के माध्यम से अपनी कहानियाँ साझा कर रहा है। जयपुर बुकमार्क एक समृद्ध और व्यापक कार्यक्रम प्रस्तुत करेगा, जो वैश्विक प्रकाशन परिदृश्य में हो रहे परिवर्तनों को दर्शाता है। सम्मेलन का उद्घाटन प्रख्यात कवि, सांस्कृतिक विचारक और क्यूरेटर रणजीत होस्कोटे के भाषण से होगा, जो बौद्धिक विमर्श की दिशा तय करेगा। इल्यूमिनेटिंग ट्रांसलेशंस सत्र में कनिष्क गुप्ता, पुरस्कार-विजेता अनुवादक दीपा भस्थी और संपादक मौतुशी मुखर्जी बानू मुश्ताक के बुकर पुरस्कार-विजेता संग्रह हार्ट लैम्प दीपा भस्थी द्वारा अनूदित के संदर्भ में अनुवाद और पुस्तक-विविधता की संभावनाओं पर संवाद करेंगी।

# बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करे केंद्र सरकार : खाचरियावास

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देश में पिछले 12 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी की सरकार है।

जो हिंदू-मुस्लिम की राजनीति के सहारे सत्ता में आई। लेकिन सत्ता में आने के बाद हिंदुओं की सुरक्षा के प्रति सबसे अधिक उपेक्षा और असंवेदनशीलता दिखाई गई है। खाचरियावास ने कहा कि चुनाव के समय भाजपा शिंदू खतरे में है, जैसे नारों के दम पर सत्ता हासिल कर लेती है।

लेकिन चुनाव जीतने के बाद हिंदुओं को उनके हाल पर छोड़ देना ही भाजपा की असली नीति और असली चरित्र है। उन्होंने आरोप लगाया कि आज बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ रोजाना बर्बरता हो रही है, खुलेआम हत्याएं की जा रही हैं, उनके घर, मंदिर और व्यापार नष्ट किए जा रहे हैं। लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार इस गंभीर मुद्दे पर सिर्फ़ बयानबाजी तक सीमित है और हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। पूर्व मंत्री ने कहा कि भाजपा की विफलता इतनी गहरी है कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों से ध्यान हटाने के लिए देश के अंदर फ्रि से हिंदूदृमुस्लिम का जहर फैलाया जा रहा है। ताकि असली मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाया जा सके और हिंदू संगठनों को गुमराह किया जा सके। खाचरियावास ने सवाल उठाते हुए कहा कि जो पार्टी देश के भीतर हिंदू-मुस्लिम का माहौल बना सकती है, वह बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा क्यों नहीं कर पा रही क्या हिंदुओं की जान सिर्फ चुनाव के समय ही कीमती होती है। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा में जरा भी नैतिकता बची है, तो उसे बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा के लिए तुरंत कूटनीतिक, अंतरराष्ट्रीय और ठोस कदम उठाने चाहिए। खाचरियावास ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब हिंदू समाज को नारों की नहीं, सुरक्षा की जरूरत है। अब भाषण नहीं, कार्रवाई चाहिए। भाजपा को यह साबित करना होगा कि वह केवल हिंदूदृमुस्लिम की राजनीति करने वाली पार्टी नहीं, बल्कि वास्तव में हिंदुओं की रक्षा करने वाली सरकार है।

## धारदार हथियार से मारपीट करने पर 3 वर्ष का कारावास

निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** राज्य सरकार की ओर से अभियोजन अधिकारी मनोज शर्मा ने बताया कि परिवादी मदनलाल निवासी झाझडिया की ढ़ाणी तन छऊ 1 मई 2013 को गुढ़ागौड़जी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। वह अध्यापक मदनलाल स्कूल में जा रहा था तो रास्ते में बोलोरो में सवार रामनिवास व उसका लड़का अशोक उर्फ संजय ने रास्ता रोककर धारदार हथियार बाकडा व लाठी से मारपीट की थी जिससे उसके हाथों की अंगुलियां कट गई थी। सरकार की ओर से अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विजय कोचर आरजेएस द्वारा 6 जनवरी 2026 को सरकार बनाम रामनिवास पुत्र रामेश्वर लाल व उसका पुत्र अशोक उर्फ संजय निवासी मुंडो की ढ़ाणी को तन छऊ को विभिन्न धाराओं में अभियुक्त गणों को 15 गवाह व दस्तावेजों पेश कर अभियुक्त गणों को दोष सिद्ध करके उपरोक्त धाराओं में 3 वर्ष का कारावास और 10000-10000 रुपए का अर्थ दंड दंडित किया है।

# आरएसएस की बैठक आयोजित



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय आहुति भवन में विराट हिंदू सम्मेलन की पूर्व तैयारी एवं व्यापक ग्रह संपर्क की समीक्षा हेतु कार्यकर्ताओं का समागम हुआ। नगर कार्यवाह गौरव कुमावत ने बताया कि इस समागम में मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक मुकेश कुमार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पंच परिवर्तन की अवधारणा जिसमें सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्त्तव्य एवं स्व का बोध समाहित है को वर्तमान समाज की आवश्यकता बताया और इन बातों को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता पर बल दिया। व्यापक गृह संपर्क अभियान के दौरान घर-घर जाकर संघ के पंच परिवर्तन विषय को समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करने वाली संपर्क टोलियों के कार्य की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता संगठन का प्रतिबिंब होता है और समाज की आवश्यकताओं पर चिंतन कर उसका आवश्यक समाधान समाज तक पहुंचाने के पावन कार्य का वाहक होता है।

उन्होंने आगामी विराट हिन्दू सम्मेलनों की तैयारियों की समीक्षा भी की। इस अवसर पर आयोजित पौष बड़ा कार्यक्रम में विभाग संघचालक अशोक सिंह, जिला कार्यवाह विजेंद्र कुमार, जिला प्रचारक भगत सिंह, सह नगर कार्यवाह रवींद्र शर्मा, योगेंद्र सैनी, डॉक्टर सुनीता लाम्बा, द्वारिका प्रसाद प्रांत संगठन मंत्री सेवा भारती समेत नगर कार्यकारिणी, विविध संगठन के कार्यकर्तागण, सज्जन शक्ति एवं मातृ शक्ति सपरिवार उपस्थित रही।

## सड़क पर ब्रैकर सफेद रेडियम पट्टी लगाने की मांग



निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** क्षेत्र के लोयल गांव के बस स्टैंड पर एवं सरकारी स्कूल के मुख्य द्वार के सामने रोड पर ब्रैकर नहीं होने के कारण रोज आए दिन हादसे होते रहते है। ग्रामीणों ने सरकारी स्कूल और स्टैंड पर ब्रैकर और सफेद रेडियम लगाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि सरपट दौड़ते वाहन चालकों को अचानक ब्रैकर नहीं होने के कारण कोई राहगीर या यात्री सामने या जाता है तो वाहन चालक अनियंत्रित होकर दुर्घटना के शिकार हो जाते है। सोमवार दोपहर को भी एक बाइक अनियंत्रित होकर चालक घायल हो गया जिसको सामान्य चोट लगी और अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। ग्रामीण सुरेश कुमार ने बताया की मैं स्टैंड पर फल की रेहड़ी लगाता हूँ जब यह से छोटे व हल्के वाहन गुजरते है तो सामने राहगीर आने से बाइक सवार दुर्घटना ग्रस्त होते रहते है। कुछ आस पास के यात्री बाबा रामदेव मंदिर में दर्शन करने और प्रसाद चढ़ाने आते है उस दिन काफी भीड़ रहती है तो स्टैंड क्षेत्र और मुख्य द्वार के आस पास भीड़ रहने से दुर्घटना होने का अंदेश बना रहता है।


**कार्यालय नगरपालिका अजीतगढ (सीकर) राजस्थान**

क्रमांक / नपाअजी. / 2025-26 / 2685 दिनांक : 05.01.2026

**निविदा सूचना**

नगरपालिका अजीतगढ़ की ओर से विकास कार्य करने हेतु सक्षम श्रेणी के पंजीकृत संवेदकों से निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 05.01.2026 से दिनांक 13.01.2026 तक अमानता राशि जरिये डी.डी. एवं निविदा शुल्क जमा जरिये नगद. से इस कार्यालय में जमा करवाकर प्राप्त की जाकर पूर्णतया भरी हुई निविदाऐं उसी दिनांक को सायं 2.00 बजे तक वापिस प्राप्त की जाकर उसी तिथि को सायं 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। उक्त निविदा को राजस्थान लोक उपापन पोर्टल (http://sppp.raj.nic.in) पर भी देखा जा सकता है।

उक्त कार्य की एनआईबी कोड व यूबीएन निम्नानुसार हैं :-

| | |
|---|---|
| NIB code : DLB2526A9877 | UBN : - DLB2526WSOB29335 |

राज.संवाद / सी / 25 / 17257

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका अजीतगढ



**खोया-पाया**

मैं संजीव कुमार पुत्र तेजसिंह निवासी मंडावा के इन्दिरा नगर मंडावा वार्ड 12 के प्लाट संख्या 215B व 216B के रजिस्ट्री व नगरपालिका का पट्टा गुम हो गया जिसकी FIR 2951071/2025 मंडावा थाना में दर्ज है। उक्त कागजात को काम में लेने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मोबाईल-9001287626



**आम सूचना**

मेरे पिताजी फूलचन्द वर्मा पुत्र गोपालराम बलौदा के नाम से एक वाहन ब्रेजा नंबर आरजे 18 सीई 5206 व मॉडल 2023 है। यह कि मेरे पिताजी की मृत्यु दिनांक 14-12-2025 को हो चुकी है। अब उक्त वाहन को मैं मेरे नाम करवाना चाहता हूं अगर किसी को आपत्ति हो तो सात दिवस में अपनी आपत्ति परिवहन कार्यालय झुंझुनू में दर्ज करवा सकता है।

**प्रताप सिंह पुत्र फूलचन्द, जाति-जाट**
**निवासी-वार्ड नं. 9, मान नगर, झुंझुनू, तहसील व जिला-झुंझुनू ( राज. )**


# नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी ने ही हत्या का राज कबूला

निसं



**बीदासर ( नवयत्न )।** जिले के ग्रामीण क्षेत्र की एक गर्भवती नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में पीसी रिमांड पर चल रहें आरोपी को कड़ी पूछताछ करने के बाद हत्या के राज का भी पुलिस ने खुलासा कर दिया है। जानकारी के अनुसार नाबालिग के दुष्कर्म के मामले में पुलिस को 25 दिनों बाद बड़ी सफलता मिली है। पुलिस सूत्रों के अनुसार नाबालिक छात्रा के पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद भ्रूण का डीएनए परिक्षण करवाया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियों के डीएनए सैंपल लेकर एफएसएल को भेजे। एफएसएल रिपोर्ट मिलने और गहन जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी कृष्ण उर्फ सुनील जाति मेघवाल को गिरफ्तार कर पीसी रिमांड लिया था। जिसमें पुलिस ने आरोपी से कड़ी पूछताछ के दौरान नाबालिग की हत्या करने का भी जुर्म भी आरोपी कृष्ण उर्फ सुनील ने कबूल किया है। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी ने दुष्कर्म के बाद पीड़िता नाबालिग मृतका के गर्भवती होने पर अपना नाम उजागर होने के डर से मृतका को बंद खादान की रोही में बुलाकर गला दबाकर हत्या कर दी और मृतका के शव को छोड़कर अपने घर चला गया। आरोपी किसी को शक ना हो इसलिए परिवारजनों के साथ अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान और घर में साथ घूमता रहा। गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्र में 9 दिसंबर 2025 को नाबालिग छात्रा की हत्या के बाद मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम के दौरान चौंकाने वाला खुलासा हुआ था। जिसमें नाबालिगा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में छह माह का भ्रूण मिला था। मामले को लेकर मृतका के पिता ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला भी दर्ज करवाया था व नाबालिग की हत्या को लेकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सीएचसी की मोर्चरी के आगे सैंकडों लोगों ने धरना-प्रदर्शन भी किया था। दो दिनों तक चले धरना-प्रदर्शन को पुलिस के उच्चाधिकारियों के लिखित आश्वासन के बाद मृतका के शव को उठाया गया था। नाबालिग छात्रा सरकारी विद्यालय में कक्षा 10 में अध्ययनरत थी।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरीय क्षेत्र ( न.पा. ) रींगस, जिला-सीकर ( राज. )**

SR.NO. :- का.प्रा.अधि.न.क्षे. (न.पा.) रींगस/2025-26/5748 DATE: 06/01/2026

**प्ररूप-10**
**( नियम 6 ( 7 ) देखिए )**
**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरपालिका रींगस**

**लोक सूचना**

निम्न खातेदार ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित कृषि भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन (अज्वलनशील पदार्थों हेतु वेयर हाउस/गोदाम) प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

| क्र.सं | आवेदक का नाम व पता | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं | क्षेत्र/प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | धर्मपाल सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी-भोपतपुरा जिला सीकर | जिला सीकर तहसील रींगस | राजस्व ग्राम भोपतपुरा पटवार हल्का-मालकाली | खसरा नं 3391/1467 कुल किता- 01 | भूमि खसरा नं 3391/1467 का रकबा 0.1000 है. कुल कुल किता- 01 रकबा 0.1000 है. अर्थात 1000 वर्गमीटर एवं (अज्वलनशील पदार्थों हेतु वेयर हाउस/गोदाम) प्रयोजनार्थ |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की भारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आपेक्ष नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा किया। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 06/01/2026 को जारी की गयी।

**महेश ओला**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**नगरीय क्षेत्र ( न.पा. ) रींगस**

## 65 चरखी प्लास्टिक मांझा जब्त



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** प्रशासन, पुलिस और नगर परिषद की संयुक्त टीम ने मंगलवार को शहर में कई जगह पतंग डोर की दुकानों पर छापा मारते हुए 65 चरखी प्लास्टिक मांझे की जब्त की। टीम के अचानक निकलने पर पतंग व्यापारियों में हड़कंप मच गया। टीम ने नया बाजार, स्टेशन रोड, पुलिया, भोजलाई रोड सहित कई क्षेत्रों में छापेमारी की। इस दौरान भरतिया स्टोर और मोदी स्टोर से प्लास्टिक मांझा जब्त किया। बाद में इस मांझे को जलाकर नष्ट कर दिया गया। तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक ने कहा कि प्रशासन की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की है। मकर संक्रांति तक लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई में कोतवाली सीआई बेगाराम, नगरपरिषद के कार्यवाहक आयुक्त विक्रम जोरवाल, जेईएन कमलेश कुमार, एसआई ओमप्रकाश स्वामी, जमादार नितेश, शिवभगवान, रणजीत आदि शामिल रहे।

## नेक्स्ट जनरेशन पोस्ट ऑफिस का उद्घाटन आज

निसं



**पिलानी ( नवयत्न )।** बिट्स पिलानी परिसर में आज बुधवार को दोपहर पूर्व साढ़े 11 बजे नेक्स्ट जनरेशन पोस्ट ऑफिस का विधिवत उद्घाटन किया जाएगा। उद्घाटन कर्नल सुशील कुमार मुख्य पोस्टमास्टर जनरल राजस्थान परिमंडल जयपुर तथा प्रो. वी. रामगोपाल राव, कुलपति बिट्स पिलानी द्वारा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया जाएगा। धर्मपाल ढ़ाका अधीक्षक डाकघर झुंझुनू मंडल के अनुसार यह आधुनिक पोस्ट ऑफिस भारतीय डाक विभाग की जेन-जेड को डाक सेवाओं से जोड़ने की महत्वपूर्ण पहल है। नेक्स्ट जनरेशन पोस्ट ऑफिस में उन्नत डिजिटल सुविधाएँ, स्वचालित काउंटर प्रणाली, तेज एवं पारदर्शी सेवा व्यवस्था, आधुनिक इंटीरियर तथा ग्राहक-अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। यहाँ डाक, पार्सल, स्पीड पोस्ट, बचत योजनाएँ, बीमा सेवाएँ सहित सभी प्रमुख डाक सेवाएँ अधिक प्रभावी और सुगम रूप से प्रदान की जाएँगी। यह पोस्ट ऑफिस पिलानी क्षेत्र के नागरिकों को समयबद्ध, सुरक्षित एवं विश्वसनीय सेवाएँ प्रदान करने में मील का पत्थर सिद्ध होगा। इससे डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा मिलेगा तथा ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों के ग्राहकों को बेहतर सेवा अनुभव प्राप्त होगा।

नेक्स्ट जनरेशन पोस्ट ऑफिस की परिकल्पना डाक आपके द्वार की भावना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल पिलानी के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में योगदान देगी और डाक विभाग को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप सुदृढ़ बनाएगी।

## कोहरे के आगोश में संतों की नगरी



निसं

**लोसल ( नवयत्न )।** हिमाचल के तराई क्षेत्रों से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण शेखावाटी क्षेत्र में भी सर्दी का अच्छा खासा असर देखने को मिल रहा है। अंचल में घणा कोहरा छाने और कड़कड़ाती ठंड के चलते शीतलहर ने लोगों के छक्के छुड़ा दिए हैं। पिछले दो तीन दिन से सर्दी का बढ़ना शुरू हुआ जो मंगलवार आते आते इसका इतना असर बढ़ गया की बर्फीली हवाओं के चलते आमजन की कंपकंपी छूटने लग गई। शीतलहर के चलते दिन में दस बजे तक तो सड़कों पर बस सन्नाटा देखने को मिलता है। शाम पांच बजे होते होते फिर चहल-पहल सड़कों पर कम होने लग जाती है । ठंड के चलते सुप्रभात की शुरुआत कोहरा से होने शुरू हो गई है। कोहरा का असर के चलते आज पूरे दिन सूर्य देव की चमक भी फीकी रही। धूप भी बेअसर साबित हुई।लोग गर्म कपड़ों एवं अलाव के सामने बैठकर सर्द हवाओं से बचाव करते नजर आए। कोहरा की वजह से सब कुछ गुम सा नजर आता है। हाईवे मार्गों पर दोडते वाहनों की कोहरा ने रफ्तार थाम ने रेंगते रेंगते वाहन आगे बढ़ते हैं। लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए और सर्दी की वजह से कंपकंपी छूट रही है।

## जन-सुनवाई आज

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** विधुत उपभोक्ताओं की विधुत संबधित समस्याओं एवं शिकायतों विधुत सप्लाई, विधुत कनेक्शन, विधुत मीटर, विधुत बिल में त्रुटि सुधार, विधुत ट्रांसफार्मर व लाईन, गलत वीसीआर से सम्बन्धी के समाधान के लिए 7 जनवरी को जन-सुनवाई का आयोजन किया जायेगा। जानकारी देते हुयें झुंझुनू वृत के अधीक्षण अभियन्ता एम.के.टीबड़ा ने बताया कि बुधवार को प्रात 11 बजे अधीक्षण अभियन्ता, अविविनिलि, कार्यालय झुंझुनू परिसर में जन-सुनवाई का आयोजन किया जाएगा।

# जिला कलेक्टर को सौंपा मांग पत्र

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** सीकर जिले में पंचायत समिति एवं जिला परिषद के वार्डों के पुनर्गठन में मौजूद खामियों को तत्काल दूर करने की मांग को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पूर्व विधायक कॉमरेड पेमाराम तथा जिला सचिव, सीपीआईएम सीकर ने किया। ज्ञापन में कहा गया कि हाल ही में किए गए वार्ड पुनर्गठन में कई त्रुटियाँ रह गई हैं, जिससे स्थानीय निवासियों को प्रतिनिधित्व व विकास कार्यों में न्याय नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन में इन खामियों की तत्काल समीक्षा करके उचित सुधार करने की मांग की गई है। कॉमरेड पेमाराम ने कहा कि पुनर्गठन प्रक्रिया में जनसंख्या आँकड़ों, भौगोलिक स्थिति और सामुदायिक सामंजस्य जैसे मानदंडों को पर्याप्त रूप से नहीं अपनाया गया है। इससे कई क्षेत्रों में असमानता उत्पन्न हुई है और लोगों के हितों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। जिला सचिव, सीपीआईएम ने बताया कि यदि प्रशासन द्वारा इस मुद्दे पर शीघ्र ध्यान नहीं दिया गया, तो पार्टी आगे भी इस मुद्दे को लेकर संघर्ष जारी रखेगी। ज्ञापन में सभी वार्डों की सीमाओं की निष्पक्ष समीक्षा, जनसुनवाई आयोजित करने और प्रभावित लोगों की शिकायतों को त्वरित रूप से सुनने की माँग की गई है। जिला कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल को सुनवाई का आश्वासन दिया और कहा कि इस मामले की उचित जाँच की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में माकपा के जिला सचिव मंडल सदस्य रामरतन बगड़िया, मंगल सिंह मंडोता, पन्नालाल मंडोता, सत्यजीत, सुभाष जाखड़, महावीर जांगू, सुरेंद्र, सुरेश थालौड़, उदाराम थौरी, बनवारी बाजिया व महिपाल गुर्जर शामिल रहे।

## भाजपा नेता जांगिड़ ने रणवा के जन्मदिन पर दी शुभकामनाएं

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** भाजपा के पूर्व किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व यूआईटी चेयरमैन हरिराम रणवा के जन्मदिन के अवसर पर पार्टी नेता भवरलाल जांगिड़ ने उन्हें विशेष बधाई दी। इस अवसर पर जांगिड़ ने रणवा को सम्मान स्वरूप दुपट्टा पहनाया और भाजपा के प्रतीक चिह्न कमल का फूल भेंट करके शुभकामनाएं व्यक्त की। दोनों नेताओं ने इस मौके पर पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों पर भी विस्तृत चर्चा की। यह कार्यक्रम आपसी सौहार्द और पार्टी एकजुटता को प्रदर्शित करता नजर आया। स्थानीय राजनीतिक गलियारों में इस मुलाकात को दोनों वरिष्ठ नेताओं के आपसी सम्मान और साझा राजनीतिक विमर्श के प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है।

## भामाशाह खिची ने किया गर्म वस्त्रों का वितरण



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय चांद नगर में भामाशाह अब्दुल करीम खीची ने जरूरतमंद लोगों को सर्दी के मौसम मध्यनजर गर्म इनर का वितरण किया गया। इस अवसर पर अब्दुल करीम खीची ने कहा कि प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को अपने आसपास के जरूरतमन्द लोगों की मदद जरूर करनी चाहिए। क्योंकि मानवता की सेवा से बड़ा दूसरा कोई धर्म नहीं होता। उन्होंने कहा कि भविष्य में सेवा कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि करीब 50 लोगों को शहर में इनर वितरण किया गया है। इस दौरान रोशन खींची, ओमप्रकाश पड़िहार, सज्जन कुमार, मौलाना लाल मोहम्मद, अजरूद्दीन सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी और खर्रा आज करेंगे कौशल रथ को रवाना

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के तहत स्किल इंडिया कौशल-भारत, कुशल-भारत के अंतर्गत ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान सीकर के तत्वावधान में आज बुधवार को दोपहर 12 बजे ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान से केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी एवं यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक चौधरी नारायण सिंह करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान के पूर्व अध्यक्ष शिक्षाविद चैन सिंह आर्य विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचस्थ रहेंगे। इस अवसर पर ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान की अलग-अलग क्षेत्र की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान अध्यक्ष इंजीनियर झाबरमल सीगड़ ने बताया कि यह कौशल रथ ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थानों की बालिकाओं को संचार उद्यमिता, वित्तीय और डिजिटल कौशल विकसित करने के लिए जागरूकता लाने का काम करेगा। उसके बाद यह रथ जिले के अन्य गांव में भी भेजा जाएगा जहां महिलाएं एवं आमजन को कौशल रथ संचार, उद्यमिता, वित्तीय और डिजिटल कौशल में एक मजबूत नींव देगा है जो आज की सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं। स्पष्ट संचार, पैसे प्रबंधित करने, व्यवसाय शुरू करने और बढ़ाने और डिजिटल उपकरणों का उपयोग करने के बारे में जान सकेंगे। इन कौशलों का उपयोग करके अपने व्यक्तिगत और कार्य जीवन में अधिक प्रभावी बना सकते हैं।

व्यक्तिगत और पेशेवर उपयोग के लिए बुनियादी डिजिटल कौशल को समझनाय व्यक्तिगत वित्तीय योजना के लिए आवश्यक वित्तीय अवधरणाओं के बारे में जानना, उद्यमिता के मूल बातें और छोटे व्यवसाय शुरू करने के कदम को समझना, संचार के प्रमुख तत्व और इसकी प्रक्रियाएँ को जानना है।

# हॉस्टल भूमि निरस्तीकरण के विरोध में सर्व समाज ने उठाई एकजुट आवाज

मुहम्मद सादिक



**सीकर ( नवयत्न )।** सर्व समाज के प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को पोलो ग्राउंड स्थित स्वर्णकर भवन में आयोजित की गई, जिसमें समाज के छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक सुविधाओं से जुड़े एक गंभीर मुद्दे पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष ने बताया कि समाज के विद्यार्थियों के लिए पूर्व में आवंटित हॉस्टल निर्माण भूमि को वर्तमान सरकार द्वारा निरस्त कर दिए जाने से समाज में व्यापक रोष है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के विद्यार्थियों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इस अवसर पर सैनी समाज के संरक्षक भंवरलाल गार्ड, सेन समाज सेवा समिति के अध्यक्ष भवानी शंकर बिल्खीवाल, पारीक सोशल ग्रुप के अध्यक्ष राजेंद्र पारीक तथा सोनी समाज के अध्यक्ष जालू ने संयुक्त रूप से चेतावनी दी कि यदि सरकार तीन दिनों के भीतर इस मुद्दे पर कोई ठोस और सकारात्मक कार्रवाई नहीं करती है तो शुक्रवार को सर्व समाज की ओर से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा जाएगा तथा एक शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि शिक्षा से जुड़े ऐसे निर्णय समाज के भविष्य के साथ अन्याय हैं। हॉस्टल सुविधा न होने से दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। बैठक में बीएल सोनी, राजेश सैनी, रमाकांत तिवाड़ी, हरि सैनी, नेमीचंद सोनी, ओमप्रकाश सोनी, माधव पारीक, सतीश सैन, राकेश सैन, द्वारका प्रसाद सैन, घीसालाल सैनी, अमित हर्षवाल, पूरणमल सोनी, मणिशंकर सोनी, दिनेश सैन झीगर, मुरारीलाल पारीक, प्रहलाद सैनी, कालूराम सैनी सहित बड़ी संख्या में सर्व समाज के सदस्य उपस्थित रहे। अंत में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि समाज के हितों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक और संगठित तरीके से आंदोलन किया जाएगा ताकि सरकार तक समाज की मांग मजबूती से पहुंच सके।

## तहसीलदार सहित 70 लोगों को वितरीत किए घोंसले



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** गौरेया संरक्षण को लेकर स्थानीय चरला बास में रहने वाले नरेंद्र पारीक द्वारा अनूठी मुहीम चलाई जा रही है। खास बात तो ये है कि नरेंद्र पारीक की पत्नी गायत्री पारीक भी उनकी इस मुहीम में बराबर की भागीदारी निभा रही हैं। दरअसल पिछले एक साल से नरेंद्र पारीक द्वारा आम लोगों को गौरेया संरक्षण के लिए जागरूक करते हुए नि:शुल्क घोंसलों का वितरण किया जा रहा है। अब तक करीब 872 लोगों को घोंसलों का वितरण किया जा चुका है। नरेंद्र पारीक ने बताया कि मेरी पत्नी गायत्री को घर पर ही जब भी खाली वक्त मिलता है, तब वो घोंसलों का निर्माण करती है और मैं लोगों को घोंसले बांटने का काम करता हूं। लोगों से पक्षी संरक्षण की अपील करते हुए घोंसलों को लगाया जाता है ताकि पक्षियों का संरक्षण हो सके। मंगलवार को नरेंद्र पारीक ने तहसीलदार गिरधारी लाल पारीक, नायब तहसीलदार असलम खान, एसडीएम के सहायक अभिषेक मीणा, भाजपा के चल रहे धरने पर जाकर लोगों को घोंसलों का वितरण किया गया। नरेंद्र पारीक ने बताया कि मंगलवार को करीब 70 लोगों को घोंसले प्रदान कर उनसे व्यक्तिगत रूप से पक्षियों के संरक्षण की अपील की गई है। वितरण कार्य में निर्मल जोशी, महेश जोशी आदि ने सहयोग किया।

## सच्चे मन से भक्ति ही ईश्वर प्राप्ति का मार्ग

रामावतार सोनी



**बुगाला ( नवयत्न )।** सौन्थलिया गेस्ट हाउस जाखल में चल रही रामकथा के तीसरे दिन पंडित दिनेशानन्द ने कहा कि धरती पर जब अधर्म का बोलबाला होता है तब भगवान का किसी न किसी रूप में अवतार होता है। भगवान चारों दिशाओं में विद्यमान है। इन्हें प्राप्त करने का मार्ग सच्चे मन की भक्ति ही है। कथा के दौरान भगवान राम के जन्म की झांकी सजाई गई। आज के मुख्य यजमान भगवान सिंह शेखावत दम्पति रहे। इस दौरान भंवरसिंह राठौड़, महावीर सिंह, विकास गोयल, सुरेंद्र सिंह, मन्नालाल, भंवरलाल, मनोज कुमावत, मन्नालाल आदि धर्मप्रेमी मौजूद रहे।

# सेना दिवस से पूर्व जयपुर में होगा नो योर आर्मी प्रदर्शनी का आयोजन



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भारतीय सेना की सप्त शक्ति कमान 78वें सेना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों के अंतर्गत जयपुर स्थित श्री भवानी निकेतन कैंपस में 8 जनवरी से चार दिवसीय नो योर आर्मी प्रदर्शनी का आयोजन करने जा रही है। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य सैन्य-नागरिक संबंधों को सुदृढ़ करना, आम नागरिकों को सेना की आधुनिक क्षमताओं से प्रत्यक्ष परिचित कराना तथा युवाओं को सेवाए अनुशासन और राष्ट्रीय दायित्व के मूल्यों से प्रेरित करना है। जन संपर्क अधिकारी रक्षा जयपुर राजस्थान ले कर्नल निखिल धवन के अनुसार इस प्रदर्शनी का उद्घाटन भजन लाल शर्मा मुख्यमंत्री राजस्थान द्वारा किया जाएगा। उनकी गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान करेगी तथा भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने वाली पहलों के लिए राज्य नेतृत्व के समर्थन को रेखांकित करेगी। चार दिवसीय इस आयोजन में अनेक विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति संभावित है, इनमें राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी तथा राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान वे सेना के जवानों, एनसीसी कैडेट्स, विद्यार्थियों एवं आमजन से संवाद करेंगे। इस प्रदर्शनी में आगंतुकों को भारतीय सेना की ऑपरेशनल एवं तकनीकी क्षमताओं का व्यापक प्रदर्शन देखने को मिलेगा, जिसमें मेकैनाइज्ड प्लेटफॉर्म, आर्टिलरी सिस्टम्स, इन्फेंट्री के हथियार, मानव रहित हवाई वाहन यूएवी तथा उन्नत संचार उपकरण शामिल हैं। इंटरएक्टिव स्टॉल और सैनिक सहभागिता क्षेत्र नागरिकों को सेना की पेशेवर दक्षता, अनुशासन और परिचालन तत्परता को निकट से देखने का अवसर प्रदान करेंगे। इस प्रदर्शनी में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सशक्त क्षमताओं का प्रतीक रहे अत्याधुनिक उपकरणों का भी भव्य प्रदर्शन किया जाएगा, जो हमारी सामरिक दक्षता और तकनीकी सामर्थ्य को रेखांकित करेगा।

भारतीय सेना जयपुर के समस्त नागरिकों से इस विशिष्ट आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लेने का आह्वान करती है, जो 78वें सेना दिवस से पूर्व राष्ट्रीय सेवाए सैन्य-नागरिक सद्भाव और देशभक्ति की भावना को सशक्त रूप से प्रदर्शित करता है।

# कुम्भ नाथजी दरबार की पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई

निसं



**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** कामाक्षा माँ शैलेंद्र बाबा कामधेनु गौ सेवा संस्थान ट्रस्ट के तत्वावधान में कुम्भ नाथजी दरबार की पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई गई। दरबार मे रंग बिरंगी रोशनी एवं फुल मालाओ से विशेष सजावट की गई। दरबार के महंत अघोरी बाबा शैलेंद्र नाथ महाराज के सानिध्य मे पोकरण विधायक महंत प्रताप पूरी महाराज, पतंजलि योगपीठ के महामन्त्री यश देव शास्त्री ने पूजा अर्चना में हिस्सा लिया। पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में समाधि पूजन कर कन्या पूजन किया गया। कन्या पूजन के बाद कन्याओ को भोजन, कन्याओं को दक्षिणा भेंट की गई। भंडारा शुरू हुआ जिसमें बड़ी संख्या मे संतो ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। भोजन प्रसादी के बाद संतो का माँ कामाक्षा का चित्र भेंट एवं दक्षिणा भेंट कर सम्मान किया गया। देर रात तक चले भंडारे मे बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। सात दिवसीय दस महाविद्या यज्ञ में पूर्ण आहुति दी गई। सोमवार रात्रि को विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ जिसमें अहमदाबाद से आशा वैष्णव, जोधपुर से गजेंद्र राव, बालोतरा के प्रकाश माली एवं टोक निवाई के प्रकाश दास महाराज ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी। देर रात तक श्रद्धालुओं ने दरबार मे धोक लगाकर बाबा शैलेन्द्र नाथ से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर विकास नाथ, महेश नाथ, सूर्य नाथ, ओंकार नाथ, विश्वनाथ, भीम नाथ, बालक नाथ शिव नाथए मुकेश नाथ, नवलगढ़ पूर्व पालिका चेयरमैन कैलाश चोटिया, रमेश कुमार, संतोष शर्मा सीकर, मुकेश बियाला, रजनीश पांडे, चंद्र पाल दुलर, नरेश कनोई, प्रमोद पचलँगिया, भास्कर दुलर, मुकेश शर्मा, पवन शर्मा, राकेश महण, राकेश शर्मा, गोपी सैनी, आशीष रूंथला, आशीष गुर्जर, प्रेम गुर्जर, हेंद्र दाधीच, प्रेम पाल दुलर, राजकुमार सोनी सहित बड़ी संख्या मे भक्त गण मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190